ANNUAL REPORT
2014-15

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र

INDIRA GANDHI NATIONAL CENTRE FOR THE ARTS

वार्षिक रिपोर्ट

1 अप्रैल, 2014 – 31 मार्च, 2015

विषय–सूची | पृष्ठ संख्या

परिचय		3
संगठन		4
न्यास का गठन		5
झलकियां		5
कलानिधि		7
कार्यक्रम	: संदर्भ पुस्तकालय	8
	: रेप्रोग्राफी इकाई	9
	: स्लाइड इकाई	9
	: सांस्कृतिक अभिलेखागार	9
संरक्षण इकाई		12
मीडिया केन्द्र		13
सांस्कृतिक सूचना–विज्ञान प्रयोगशाला		14
कलाकोश		17
कार्यक्रम क	: कलातत्वकोश	17
कार्यक्रम ख	: कलामूलशास्त्र	18
कार्यक्रम ग	: कलासमालोचना	19
	: क्षेत्र अध्ययन	20
जनपद संपदा		24
कार्यक्रम क	: नृजाति–विज्ञान संबंधी संकलन	25
कार्यक्रम ख	: आदि दृश्य	26
कार्यक्रम ग	: जीवन शैली अध्ययन	28
	पूर्वोत्तर अध्ययन कार्यक्रम	30
कलादर्शन		36
प्रदर्शनियां		37
संगोष्ठियां/सम्मेलन/कार्यशालाएं		39
सार्वजनिक व्याख्यान		41
प्रदर्शन		42
अन्य कार्यक्रम		46

क्षेत्रीय केन्द्र 49
पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी 49
दक्षिणी क्षेत्रीय केन्द्र, बंगलुरु 51

सूत्रधार 57

अनुबंध
I: इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र न्यासी बोर्ड (31 मार्च, 2015 के अनुसार) 58

II: इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र कार्यकारी समिति के सदस्य (31 मार्च, 2015 के अनुसार) 59

III: 1 अप्रैल, 2014–31 मार्च, 2015 तक इ.गाँ.रा.क.के. में आयोजित प्रदर्शनियों की सूची 60

IV: 1 अप्रैल, 2014–31 मार्च, 2015 तक इ.गाँ.रा.क.के. में आयोजित व्याख्यान और अन्य कार्यक्रमों की सूची 62

V: 1 अप्रैल, 2014–31 मार्च, 2015 तक इ.गाँ.रा.क.के. प्रकाशनों की सूची 76

VI: इ.गाँ.रा.क.के. में वरिष्ठ/कनिष्ठ रिसर्च फेलो/परामर्शदाता सहित इ.गाँ.रा.क.के. के अधिकारियों की सूची, (31 मार्च, 2015 के अनुसार) 77

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र

वार्षिक रिपोर्ट 2014-15

परिचय

श्रीमती इन्दिरा गांधी की स्मृति में वर्ष 1987 में स्थापित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (इ.गाँ.रा.क.के.) एक ऐसी स्वायत्तशासी संस्था के रूप में परिकल्पित है, जिसमें सभी कलाओं के अध्ययन एवं अनुभव का समावेश हो और कला का प्रत्येक रूप अपना एक पृथक अस्वित्व रखते हुए भी पारस्परिक निर्भरता के आयामों के अधीन, प्रकृति के साथ परस्पर संबंध के साथ, सामाजिक–संरचना और वैश्विक–व्यवस्था के साथ सबंद्ध हो।

कला विषयक यह दृष्टिकोण मानव संस्कृति के व्यापक परिवेश के साथ अखण्ड एवं अपरिहार्य रूप से सबंद्ध दृष्टिकोण एक ऐसी वैश्विक दृष्टि की भावना में समाविष्ट है जो अपने स्वरूप में समग्र है, भारतीय परंपरा में सर्वत्र विद्यमान है और विशेष तौर पर महात्मा गांधी एवं गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जैसे आधुनिक अग्रदूतों ने जिस पर बल दिया है।

इ.गाँ.रा.क.के. के दृष्टिकोण में कलाओं के व्यापक अध्ययन को समाहित किया गया है, जिसमें शामिल हैं–लिखित एवं मौखिक रूप में उपलब्ध सृजनात्मक व समीक्षात्मक साहित्य, वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला और लेखाचित्र में लेकर सामान्य भौतिक संस्कृति, जैसी दृश्य कलाएँ, फोटोग्राफी और फिल्म, अपने व्यापकतम अर्थो में संगीत, नृत्य एवं नाटक जैसे प्रदर्शनात्मक कलाओं, तथा मेलों, उत्सवों एवं जीवन शैली में विद्यमान वह सभी कुछ जिसे किसी भी दृष्टि से कलात्मक कहा जा सकता हो। केन्द्र का उद्देश्य भारत और दुनिया में कला से संबंधित क्षेत्रों और समरूप विचारधारा के समुदायों के बीच तथा भारत और पड़ोसियों के मध्य अध्ययन वार्ता को पुनर्जीवित करना है।

इ.गाँ.रा.क.के. की कलाओं के विषय में अधिगम की विशेषता इस बात से प्रदर्शित होती है कि यह लोक और शास्त्रीय, मौखिक और श्रुत, लिखित व उच्चरित और प्राचीन और आधुनिक कलाओं में कोई भी पृथकता नहीं लाता है। यहाँ विभिन्न क्षेत्रों के बीच संवाद और जुड़ाव पर बल दिया जाता है जो अंततः मनुष्य को मनुष्य से तथा मनुष्य को प्रकृति के सहजीवन से जोड़ता है।

इ.गाँ.रा.क.के. अपने प्रकाशनों, अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय विचार गोष्ठियों, सम्मेलनों, प्रदर्शनियों और व्याख्यान मालाओं द्वारा अपने शैक्षणिक और अनुसंधान कार्य की अभियक्ति करता है। स्कूल और अन्य शिक्षा संस्थान इ.गाँ.रा.क.के. के प्रसार कार्यक्रम की परिधि में आते हैं। बहु विषयक भौगोलिक अध्ययनों से अनुसंधान का पूरक बनाता है ताकि विकास प्रक्रिया में सांस्कृतिक निवेशों को उत्प्रेरित किया जा सके।

केन्द्र के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैः

- लिखित, मौखिक एवं दृश्य सामग्री के विशेष परिप्रेक्ष्य में, कलाओं के प्रमुख संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करना;
- कला, मानविकी और सांस्कृतिक धरोहर से संबंधित संदर्भ ग्रन्थों, शब्दावलियों, शब्दकोशों, विश्वकोशों आदि के अनुसंधान एवं प्रकाशन का कार्य;
- सुव्यवस्थित वैज्ञानिक अध्ययन एवं सचल प्रदर्शनों के आयोजन हेतु प्रमुख संग्रह के साथ लोक कला प्रभाग (जनजातीय कलाओं को शामिल करते हुए) स्थापित करना;
- प्रदर्शनों, प्रदर्शनियों, मल्टी–मीडिया प्रस्तुतियों, सम्मेलनों, संगोष्ठियों तथा कार्यशालाओं के क्षेत्र में तथा उनके बीच परस्पर सृजनात्मक एवं समीक्षात्मक संवाद तथा विचार–विमर्श के लिए एक मंच प्रदान कराना;
- दर्शन, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संबंधी वर्तमान विचारों और कलाओं के बीच संवाद को बढ़ावा देना ताकि बौद्विक समझ के उस अंतर को दूर किया जा सके, जो अक्सर एक तरफ आधुनिक विज्ञान और दूसरी तरफ कला तथा संस्कृति, जिसमें परम्परागत कला–कौशल तथा ज्ञान शामिल है, के बीच उत्पन्न हो जाता है;
- भारतीय प्रकृति के अनुरूप अनुसंधान कार्यक्रमों तथा कला प्रशासन हेतु प्रादर्श विकसित करना;
- विभिन्न सामाजिक स्तरों, समुदायों और क्षेत्रों के बीच पारस्परिक क्रियाओं के जटिल जाल के रचनात्मक एवं गतिशील तत्वों को स्पष्ट करना;
- भारत और विश्व के अन्य भागों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों के प्रति जागरुकता एवं संवदनशीलता को प्रोत्साहन प्रदान करना;
- कला और संस्कृति के अन्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय केन्द्रों के साथ संचार–तंत्र विकसित करना, और कला, मानविकी और सांस्कृतिक धरोहर से संबद्ध शोध करने और उनको मान्यता प्रदान करने हेतु भारतीय तथा विदेशी विश्वविद्यालयों एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थाओं के साथ सम्बन्ध स्थापित करना।

संगठन

अपनी संकल्पनात्मक योजना में उल्लिखित उद्देश्यों तथा अपने मुख्य लक्ष्यों को पूरा करने हेतु इ.गाँ.रा.क.के. अपने पांच प्रभागों के माध्यम से कार्य करता है जो संरचनात्मक तौर पर स्वायत्त हैं लेकिन कार्यक्रमों के तौर पर एक–दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। इसमें निहित पाँच प्रभागों के माध्यम से कार्य करता है।

कलानिधि प्रभाग में मल्टी मीडिया संग्रहों का एक संदर्भ पुस्तकालय शामिल है, जिसमें मुद्रित पुस्तकें, स्लाइड, माइक्रोफिल्म, फोटोग्राफ और दृश्य–श्रव्य सामग्री, एक संरक्षण प्रयोगशाला, एक मल्टी मीडिया इकाई और सांस्कृतिक अभिलेखागार शामिल है।

कलाकोश प्रभाग मौलिक अनुसंधान का कार्य करता है और अपने बहुस्तरीय और बहु–विषयी आयामों और सांस्कृतिक संबंधों में बौधिक परंपराओं की जांच करता है। अनुसंधान और प्रकाशन प्रभाग के रूप में यह अभ्यास के साथ मौखिक दृश्य के कर्ण संबंधी जीवन और कला तथा सिद्वांत को व्यवहार के साथ जोड़ते हुए कलाओं को एक सांस्कृतिक प्रणाली के अभिन्न ढांचे के अंतर्गत रखने का प्रयास करता है। इसके दीर्घ अवधि के कार्यक्रमों में, (क) कलातत्वकोश–कला की आधारभूत संकल्पनाओं का एक कोश तथा मूलभूत तकनीकी शब्दों का संग्रह और अन्तर्विषयक शब्दावलियां, (ख)

कलामूलशास्त्र–भारतीय कलाओं के आधारभूत ग्रन्थों की श्रृंखला (ग) कलासमालोचना–भारतीय कला–विषयक समीक्षात्मक साहित्य के पुनर्मुद्रण की श्रृंखला, (घ) भारतीय कलाओं का एक बहुखण्डीय विश्वकोश, तथा (ड.) क्षेत्र अध्ययन शामिल हैं।

जनपद संपदा प्रभाग कलाकोश के कार्यक्रमों के पूरक के तौर पर कार्य करता है। यह ग्रामीण परिवेश की समृद्वबहुरंगीय विरासत और छोटे पैमाने पर समाज के पाठ्य से प्रसंग में स्थानांतरित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। इसकी गतिविधियों में, जो एक समुदाय के आसपास घूमती हैं, जीवन शैली लोकपरंपरा अध्ययन कार्यक्रमों को शामिल किया जाता है; और क्षेत्र संपदा में एक क्षेत्र विशेष पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। इसने विकसित की है (क) जनजातियों के बारे में संग्रह सहित लोक कला और शिल्प के सामग्री प्रलेखन का मौलिक संग्रह (ख) मल्टी मीडिया प्रस्तुतियां, और (ग) भारतीय सांस्कृतिक घटना और उनकी समग्रता और पारस्परिकता के लिए वैकल्पिक मॉडल विकसित करने तथा पर्यावरण, पारिस्थितिकी, कृषि सामाजिक–आर्थिक सांस्कृतिक और राजनीतिक मानदंडों का एक दूसरे से जुड़ाव हेतु आदिवासी समुदायों के बहुविषयी जीवन शैली अध्ययनों को शुरू किया है।

कलादर्शन प्रभाग एकीकृत विषयों और अवधारणाओं पर अंतर–विषयी संगोष्ठियों, प्रदर्शनियों और प्रस्तुतियों के लिए एक मंच प्रदान करता है। बाल जगत बच्चों के लिए कार्यक्रम, इस प्रभाग की गतिविधियों के अंतर्गत आता है। कलादर्शन इ. गाँ.रा.क.के. के अनुसंधान को दृश्य और स्पर्श रूपों में प्रसार करने के द्वारा भारत और विश्व के बीच खिड़कियों को खोलता है।

कलानिधि और कलाकोश प्राथमिक और माध्यमिक सामग्री के संग्रह मौलिक आवधरणाओं के अन्वेषण, रूप के सिद्वांतों की पहचान सिद्वांत और पाठ्य (शास्त्र) और बौद्विक परिचर्चा (विमर्श) के स्तर पर तकनीकी शब्दावलियों की व्याख्या और मार्ग के स्तर पर व्याख्या पर संकेंद्रित करते हैं। जनपद संपदा और कलादर्शन लोक, देश और जन के स्तर पर अभिव्यक्तियों प्रक्रियाओं जीवन कार्यों जीवन शैलियों और मौखिक परंपराओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ मिलकर चार प्रभागों के कार्यक्रम कलाओं को उनके जीवन शैली के निर्वाह और संसाधन प्रबंधन रणनीति और प्राकृतिक और सामाजिक विज्ञान विषयों के साथ संबंधों के मूल संदर्भ में रखते है। अनुसंधान प्रोग्रामिंग और अंतिम परिणाम की पद्धतियां अनुरूप हैं, और इस प्रकार प्रत्येक प्रभाग के काम को दूसरों के कार्यक्रमों का पूरक बनाती है।

यूएनडीपी सहायता से 1994 में **सूचना–विज्ञान प्रयोगशाला (सीआईएल)** एक विश्व स्तरीय प्रलेखन इकाई के रूप में उभरी है जो उस तरीके को प्रदर्शित करती है जिसमें जीवन और पर्यावरण के प्रबंधन, और जिसमें मानव और गैर–मानव, ऑर्गेनिक तथा गैर–ऑर्गेनिक समुदाय शामिल हैं, के लिए स्थायी रणनीति के आधार के रूप में संस्कृति की समग्र और एकीकृत धारणा में सांस्कृतिक विरासत वास्तविक तौर पर सृजित की जा सकती है। यह न केवल इ.गाँ.रा.क.के. की दुर्लभ पाण्डुलिपियों, पुस्तकों, तस्वीरों, स्लाइडों, और ऑडियो –वीडियो सामग्री के डिजिटलीकरण के लिए ही उपयोग में लाया जाता है बल्कि संस्कृति मंत्रालय के तहत काम कर रहे अन्य संगठनों के लिए भी एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में कार्य करता है।

सूत्रधार प्रभाग सभी प्रभागों के लिए, प्रशासनिक, प्रबंधकीय और संगठनात्मक समर्थन और सेवाएं प्रदान करता है।

न्यास का गठन

भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय (कला विभाग) के संकल्प संख्या एफ 16–7/86–कला दिनांक 19 मार्च, 1987 के अनुसार, नई दिल्ली में इ.गाँ.रा.क.के. न्यास का विधिवत गठन एवं पंजीकरण 24 मार्च, 1987 को किया गया। प्रारंभ में एक सात सदस्यीय न्यास स्थापित किया गया था जिसका समय–समय पर पुनर्गठन किया जाता रहा है।

दिनांक 31 मार्च, 2015 के अनुसार न्यासी और कार्यकारी समिति के सदस्यों के नाम, अनुबंध I और II में दिए गए हैं।

झलकियां

वर्ष 2014–15 के दौरान कार्यक्रम

इ.गाँ.रा.क.के. ने इस वर्ष एक सौ से अधिक कार्यक्रमों की मेजबानी की। इसमें 61 व्याख्यान, 19 संगोष्ठियां और सम्मेलन, 26 प्रदर्शनियां, 25 से अधिक प्रदर्शन, और 10 कार्यशालाएं शामिल थीं। इ.गाँ.रा.क.के. के अनुसंधान कार्यक्रमों पर आधारित दस डीवीडी वर्ष के दौरान जारी की गईं। इ.गाँ.रा.क.के. फिल्म सर्किल के भाग के रूप में इ.गाँ.रा. क.के. ने 29 फिल्म स्क्रीनिंग (प्रदर्शन) का भी आयोजन किया। गैर–सहयोगी श्रेणी के अंतर्गत 28 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

दक्षिण–दक्षिण पूर्वी एशिया क्षेत्र से संबंधित तीन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। ये थे; 'विएतनाम की

चाम विरासत पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन' जिसका आयोजन 25 और 26 अप्रैल, 2014 को किया गया; 4–5 सितंबर, 2014 को आयोजित 'बौद्ध साहित्य एवं कला का 'तिब्बती साहित्य एवं कला का बौद्धट्रांसक्रिएशन पर सातवां अंतर्राष्ट्रीय एलैक्जैन्डर क्सोमा दी कोरोस संगोष्ठी परिचर्चा'; 'दक्षिण एवं मध्य एशियाई धरोहरों के विशेष संदर्भ के साथ एमएआरसी आउरेल स्टेइन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनः हाल के खोज एवं अनुसंधान' जिसका आयोजन मार्च, 2015 में किया गया।

समान विषय पर मिलती–जुलती प्रदर्शनी के साथ 'अफ्रीकंस इन इंडियाः ए रेडिस्कवरी' (भारत में अफ्रीकीः एक पुर्नखोज) पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस प्रदर्शनी की मेजबानी ब्लेक स्ट्डीज, न्यूयार्क पब्लिक लाइब्रेरी में अनुसंधान के लिए स्कोम्बर्ग सेंटर के सहयोग से अक्तूबर, 2014 में आयोजित की गयी थी।

जनवरी 2015 में 'अगम के शास्त्रिक और प्रायोगिक तत्वों' पर कांचीपुरम, तमिलनाडु में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। दिसंबर 2014 में शाब्दिक परंपराओं में निहित भारतीय कलाः गुजरात के विशेष संदर्भ में विषय पर वडोदरा में एक संगोष्ठी आयोजित की गई।

इ.गाँ.रा.क.के. ने अनेक प्रदर्शनियों का आयोजन किया था, जिसकी काफी अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई थी। उसमें शामिल हैः अगस्त–सितंबर, 2014 में सम्पन्न 'ड्रान फ्रॉम लाइटः अर्ली फोटोग्राफी एंड दी इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (प्रकाश से तैयारः पूर्व फोटोग्राफी और भारतीय उप–महाद्वीप); मई 2015 में सम्पन्न 'द रिबेल एंड हर कॉजः लाइफ एंड वर्क ऑफ रशीद जहाँ' (एक विद्रोही और उसके कारणः रशीद जहाँ का जीवन और कार्य); दिसंबर, 2014 में सम्पन्न 'कांथाः पोएट्री एम्ब्रॉइर्डेड ऑन क्लॉथ' (कांथा, कपड़े पर काव्यात्मक कसीदाकारी); जनवरी–फरवरी, 2015 में सम्पन्न एक फोटोग्राफी से संबंधित प्रदर्शनी 'इंडिया'स पार्टिसिपेशन इन वर्ल्ड वॉर I' (प्रथम विश्व युद्ध में भारत की भागीदरी); फरवरी 2005 में सम्पन्न 'फ्रॉम अर्थ टू अर्थः डिवोशन एंड टेरेकोटा ऑफ्फरिंग्स इन तमिलनाडु' (पृथ्वी से पृथ्वी तकः तमिलनाडु में भक्ति और टेरेकोटा प्रसाद); और दक्षिणी क्षेत्रीय केन्द्र, बंगलुरु में सम्पन्न पूर्वोत्तर भारत पर एक प्रदर्शनी 'ईशान्य'।

इसके अतिरिक्त, इ.गाँ.रा.क.के. द्वारा राजा दीन दयाल, रॉक आर्ट तथा बृहदेश्वर के फोटोग्राफ की प्रदर्शनियां देश के विभिन्न भागों में आयोजित की गईं। इस वर्ष इ.गाँ.रा.क.के. की प्रदर्शनी 'आख्यान–मास्क (मुखौटे), पपेट्स (कठपुतलियाँ) और स्क्रोल्स' का स्पेन और फ्रांस में आयोजन किया गया। 'मास्टर्स ऑफ हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक' सीरीज के अंतर्गत इ.गाँ.रा.क.के. द्वारा पंडित अरविंद पारिख, पंडति एल. के. पंडित, विदूषी डॉ. एन. राजम और विदूषी शन्नो खुराना पर डीवीडी जारी की गई।

राष्ट्रीय संग्रहालय में आयोजित 'बॉडी इन इंडियन आर्ट' (भारतीय कला में काया) पर एक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का प्रलेखन और इस प्रलेखन को आठ उपाख्यानों में जारी करना एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि थी।

इ.गाँ.रा.क.के. में स्वस्ति नामक दुकान खोली गयी। इसका प्रबंधन एचएचईसी द्वारा किया गया और इसमें इ.गाँ.रा.क.के. के प्रकाशनों, विशेष रूप से इ.गाँ.रा.क.के. से संबंधित विषयों पर आधारित सृजित कलात्मक वस्तुओं, का प्रदर्शन और बिक्री की गई।

आगामी पृष्ठों पर प्रभागानुसार इ.गाँ.रा.क.के. की गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा है।

कलानिधि प्रभाग

कलानिधि प्रभाग पांच अनुभागों से मिलकर बना है; (क) एक अद्वितीय संदर्भ पुस्तकालय, जिसमें सुनीति कुमार चटर्जी, हजारी प्रसाद द्विवेदी, महेश नियोगी, मिलादा गांगुली और अब डॉ. (श्रीमती) कपिला वात्स्यायन सहित महान अध्येताओं के व्यक्तिगत संग्रह हैं। (ख) इ.गाँ.रा.क.के., प्रमुख भारतीय संग्रहण और पुस्तकालयों उदाहरण के लिए ओरिएंटल मैनुस्क्रिप्ट लाईब्रेरी, त्रिवेन्द्रम; भंडारकर लाईब्रेरी, पुणे और ओरिएन्टल मैनुस्क्रिप्ट लाईब्रेरी, मैसूर से अप्रकाशित पांडुलिपियों की माइक्रोफिल्म और माइक्रोफिशेज़ का एक दुर्लभ संग्रह है। इसके अलावा यहां विदेशी संग्रह की सामग्री के माइक्रोफिल्म और माइक्रोफिशेज़ भी उपलब्ध हैं, खासकर यूनाईटेड किंगडम, जर्मनी, चीन और रूस के। (ग) इ.गाँ.रा.क.के. पुस्तकालय में स्लाईडों का विशाल संग्रह है। 100000 स्लाइडों से अधिक यह इकाई अनुसंधान और संदर्भ के लिए एक समृद्ध संसाधन प्रदान करती है। (घ) कलानिधि कई विख्यात गणमान्य व्यक्तियों से उनके व्यक्तिगत संग्रहों को सांस्कृति अभिलेखागार के लिए एकत्र करता रहा है, चाहे वे फोटोग्राफ हों जैसे कि राजा दीनदयाल, हेनरी कार्टिया ब्रेसोन, सुनील जानाह, या फिर वस्त्र सामग्री अथवा ऑडियो–विजुलअ सामग्री। इस अनुभाग में एक पूर्ण सज्जित संरक्षण प्रयोगशाला भी है। कागज, कागज की लुगदी, लकड़ी, वस्त्र और नृजाति विज्ञान संबंधी वस्तुओं जैसी विभिन्न सामग्रियों के संरक्षण के लिए सभी विभागीय आवश्यकताओं को पूरा करने के अतिरिक्त संरक्षण प्रयोगशाला दूसरे संगठनों को भी पेशेवर सहायता उपलब्ध कराती है। (ड़) इ.गाँ.रा.क.के. का डिजिटल अभिलेखागार इ.गाँ.रा.क.के. के दस्तावेजों और सॉफ्ट फॉर्मेट में अनुसन्धानों का भंडारगृह है। इसे मीडिया केन्द्र कहते हैं, इस इकाई में इ.गाँ.रा.क.के. के जीवन शैली अध्ययन और कार्यक्रमों के दस्तावेजों की वास्तविक प्रतियाँ

उपलब्ध हैं। (च) सांस्कृतिक सूचना–विज्ञान प्रयोगशाला (सीआईएल) इ.गाँ.रा.क.के. के अकादमिक स्रोत का एक भाग है। यह अकादमिक कार्य और प्रौद्योगिकी के बीच एक इंटरफेस का काम करता है। सांस्कृतिक सूचना–विज्ञान प्रयोगशाला (सीआईएल) की परियोजनाएं इ.गाँ.रा.क.के. की अकादमिक परियोजनाओं के अनुसंधान–प्रलेखन को विकसित करती हैं।

कलानिधि का प्रमुख उद्देश्य कला के लिए एक वृहद संसाधन केन्द्र के रूप में सेवा प्रदान करना है, खासकर लिखित, मौखिक और विजुअल संसाधन सामग्री के संबंध में। यह इ.गाँ. रा.क.के. के विभिन्न प्रभागों को अनुसंधान हेतु सहायता सेवा उपलब्ध कराने की दृष्टि से तैयार किया गया है। यह भारत तथा विदेशी अध्येताओं और अनुसंधानकर्ताओं के लिए राष्ट्रीय सुविधा केन्द्र के तौर पर भी कार्य करता है।

कलानिधि प्रभाग की गतिविधियों (2014–15) की विस्तृत जानकारी नीचे प्रदान की गई है:

संदर्भ पुस्तकालय

संदर्भ पुस्तकालय दुर्लभ पुस्तकों और विद्वानों की पत्रिकाओं के सीमित संस्करणों का एक संग्रह है।

पुस्तकों का प्रापण

वर्ष के दौरान संदर्भ पुस्तकालय में 673 किताबों को शामिल किया गया जो पुस्तक प्रापण समिति की अनुशंसाओं के आधार पर किया गया। 555 पुस्तकें भी निशुल्क प्राप्त हुई हैं, जिन्हें पुस्तकालय के संग्रह में शामिल किया गया है।

प्रसंस्करण इकाई

कुल 1546 पुस्तकों का वर्गीकरण किया गया है और एएसीआर प्प कोड और डेवी दशमलव वर्गीकरण प्रणाली का प्रयोग करके उनकी सूची बनायी गयी है। विषय से संबंधित शीर्ष लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस लिस्ट का प्रयोग करके दिये गए हैं। सभी पुस्तकों की लिबसिस आधारित केटलॉग डाटाबेस में प्रविष्टि की गयी है। नई पुस्तकों पर बार कोड डाला गया है।

पत्रिकाएं

पुस्तकालय ने 189 पत्रिकाओं की ग्राहक–सदस्यता ली है। व्याप्त विषयों में शामिल हैं' मानवशास्त्र, पुरातत्व, कला, कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी, संरक्षण, संस्कृति, नृत्य, लोकगीत, इतिहास, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान, भाषा विज्ञान, साहित्य, संग्रहालय अध्ययन, संगीत, मुद्राशास्त्र, प्राच्य अध्ययन, प्रदर्शन कला, दर्शनशास्त्र, पुत्तल कला, धर्म, समाज शास्त्र, थिएटर एवं क्षेत्र अध्ययन।

पत्रिकाओं के 1150 अंकों को लिबसिस डाटाबेस में पंजीकृत किया गया है। पिछले खंड के 288 शीर्ष नामों को शामिल किया गया था। अन्य सम्बद्ध कार्य जैसे कि अलमारियाँ तैयार करना, छंटाई, अंक, अव्यवस्थित अंकों को वापस करना, प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देने का कार्य इस अनुभाग में किया गया है।

पुस्तकालय में निम्नलिखित ऑनलाइन डाटाबेस उपलब्ध हैं जिन्हें अनुसंधानकर्ताओं द्वारा इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। इजप्रोक्सी सॉफ्टवेयर की सहायता से डाटाबेस तक पहुँचने की सुविधा प्रदान की गयी है।

1. ईबीएससीओ, कला और मानविकी
2. जेएसटीओआर
3. जे–गेट, कला और मानविकी

कलानिधि 6 संस्थानों/संघों का अंतर्राष्ट्रीय सदस्य भी है।

प्रसार एवं संदर्भ सेवा

इ.गाँ.रा.क.के. पुस्तकालय के 81 सदस्य है जो प्रमुख तौर पर शैक्षिक संस्थानों से हैं। वर्ष के दौरान 3560 अध्येताओं ने पुस्तकालय का दौरा किया। पाण्डुलिपियों के डिजिटल संस्करण के संबंध में परामर्श करने हेतु विदेश से अनेक शिक्षाविदों ने पुस्तकालय का दौरा किया।

निम्नलिखित संस्थानों के विद्यार्थियों/प्रयोगकर्ताओं ने समूह में पुस्तकालय का दौरा किया:

- एम. एम. (पीजी) कॉलेज, मोदी नगर के पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग के 32 विद्यार्थियों ने 29 अप्रैल, 2014 को संदर्भ पुस्तकालय का दौरा किया।
- विभिन्न देशों से जैन अध्ययन करने वाले 28 विद्यार्थियों के एक समूह ने पुस्तकालय का दौरा किया।
- 14 नवंबर, 2014 को भारत के राष्ट्रीय संग्रहालय से 21 प्रशिक्षुओं के एक समूह ने संदर्भ पुस्तकालय का दौरा किया।
- लेडी श्रीराम एल्यूमिनी एसोसिएशन के 10 कार्यकारी सदस्यों ने 14 नवंबर, 2014 को संदर्भ पुस्तकालय का दौरा किया।

ग्रंथ विज्ञान इकाई

ग्रंथ विज्ञान इकाई भारतीय पुरातत्व का वार्षिक ग्रंथ

(एबीआईए) परियोजना का एक भाग है। एबीआईए अनुक्रमणिका, खंड 4 (लगभग 1800 रिकॉर्ड) का अंतिम सम्पादन पूरा किया गया था। इस दस्तावेज के प्राक्कथन और संपादकीय लेख प्रक्रियाधीन हैं।

सी–डेक परियोजना

'इ.गाँ.रा.क.के. के सांस्कृतिक डाटा के डिजिटल संरक्षण परियोजना' के लिए प्रगत संगणन विकास केन्द्र (सी–डेक), पुणे के साथ वर्ष 2011 में एक सहयोगी परियोजना शुरू की गयी। इस परियोजना का प्रायोजन इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया है। इस उद्देश्य के लिए अप्रैल, 2012 से दो डाटा एंट्री ऑपरेटर कार्य कर रहे हैं। जनवरी, 2014 में सी–डेक पुणे ने आठ अतिरिक्त डाटा एंट्री ऑपरेटर और एक सिस्टम/डेस्कटॉप एडमिनिस्ट्रेटर उपलब्ध कराये हैं।

कलानिधि में दुर्लभ पुस्तकों का कुल डिजिटल संग्रह 1951 है, जिसमें से 1790 को अपलोड किया जा चुका है। वर्ष 2014–15 के दौरान 610 दुर्लभ पुस्तकें और एसबीएल की 2775 पांडुलिपियाँ ई–रूपांतर सॉफ्टवेयर में अपलोड की गयी हैं।

(ख) रिप्रोग्राफी इकाई

कलानिधि की रिप्रोग्राफी इकाई प्रमुख तौर पर दुर्लभ और अप्रकाशित माइक्रोफिल्मिंग से संबंध रखती है जो विरासत पुस्तकालयों और व्यक्तिगत संग्रहों में पूरे देश में यत्र–तत्र उपलब्ध हैं। वर्ष 2014–15 के दौरान इकाई द्वारा निम्नलिखित माइक्रोफिल्मिंग/डिजिटलीकरण परियोजनाओं को प्रारंभ किया गया।

1. वैद्यमाधाम वालिया नारायणन नंम्बूदिरी दक्षिणामूर्ति ट्रस्ट, केरल
2. कनिप्पायुर संकरण नंम्बूदिरी पद समरका ग्रंथशाला, केरल
3. राजस्थान ओरिएंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट, उदयपुर

सभी 211 रोल्स में (1148 डीवीडी), जिसमें 5460 पांडुलिपियाँ (324340 जिल्द) उपरोक्त केन्द्रों से माइक्रोफिल्म/डिजिटल किया गया था। इसके अलावा, गुणवत्ता उद्देश्य के लिए 484394 डिजिटल प्रतिकृतियों की पुष्टि की गयी थी।

ई–ऑफिस

ई–गवर्नेंस के लिए, वर्ष 2014–15 के दौरान इ.गाँ.रा.क.के. में एनआईसी के लिए उपयोगी ई–ऑफिस को कार्यान्वित किया गया था। ई–ऑफिस पोर्टल की मुख्य विशेषताएं अर्थात फाइल ट्रेकिंग के लिए एफएमएस (फाइल प्रबंधन प्रणाली); परिपत्रों/आदेशों के प्रभाग–वार प्रकाशन के लिए केएमएस (ज्ञान प्रबंधन प्रणाली), अवकाश के लिए ऑन–लाइन आवेदन करने हेतु ई–लीव, सीएएमएस (नियुक्तियों और फोटो गैलरी प्रबंधन हेतु सहयोगी और संदेश सेवा), डाउन लोड फॉर्म और मुख्य समाचारों को परिचालन में लाया गया।

पांडुलिपि इकाई

पांडुलिपि इकाई द्वारा उचित विषय के शीर्षकों के साथ पांडुलिपियों की पुस्तक सूची प्रलेखों को तैयार किया गया है जिन्हें माइक्रोफिल्म के तौर पर संयुक्त परियोजना के रूप में किया गया है। प्रलेखों को वृहद तौर पर मान्यता प्राप्त मानक, एमएआरसी–21 फार्मेट का उपयोग करके तैयार किया गया है। अब तक सृजित किए गए प्रलेखों की कुल संख्या 248000 है। माइक्रोफिल्म के रूप में उपलब्ध पाण्डुलिपियों की वेद (संहिता) की एक विषय सूची बनाई जा रही है।

(ग) स्लाइड इकाई

एक बड़ी तस्वीर तथा स्लाइड लाइब्रेरी की स्थापना के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। यहां भी एक संसाधन केन्द्र को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है जहां भारतीय तथा एशियाई कला पर दस्तावेजीकरण सुगम तौर पर उपलब्ध हो सके।

2090 प्रविष्टियों के विषय सूची से संबन्धित विवरण को गीत गोविंद संग्रह से अद्यतन किया गया था और विक्टोरिया एंड एलबर्ट म्यूजियम संग्राहलय के संग्रहण से 2650 विवरणों को अद्यतन किया गया था। स्मारकों, परिदृश्यों और कुरुक्षेत्र, अगरतला, सिल्चर के जीवन अध्ययन के फोटो दस्तावेज तैयार किए गए। 'नंद जाट यात्रा' के दौरान अनुष्ठान के बारे में जानकारी देने वाले तथा क्षेत्र की कला और वस्तु–कला को दर्शाने वाले 1000 से भी अधिक फोटोग्राफ लिए गए।

(घ) सांस्कृतिक अभिलेखागार

इ.गाँ.रा.क.के. के सांस्कृतिक अभिलेखागार में दुर्लभ सामग्रियों का संग्रह शामिल है, जिसमें नृजाति विज्ञान सामग्री, स्क्रोल्स, फोटोग्राफी, चित्रकलाएं और व्यक्तिगत संग्रह सम्मिलित हैं। सांस्कृतिक अभिलेखागार में उपलब्ध कलाकृतियों को छः वृहद समूहों या शीर्षकों में विभाजित किया जा सकता है। वे हैं i) साहित्य (लिट्रेचर), ii) वास्तुशिल्प (दृश्य कला, वास्तुविज्ञान, शिल्पकारी), iii) छायापट (फोटोग्राफ), iv) संगीत, v) नृत्य, और vi) नाट्य (मंचकला)। वर्गीकरण और सूचीकरण अथवा कला की वस्तुओं हेतु मेटाडाटा के सृजन का कार्य नियमित तौर पर किया जाता है।

वर्ष के दौरान प्रलेखन का कार्य वी.ए.के. रंगा के संग्रह, डॉ.

कपिला वात्स्यायन के संग्रह, बेनॉय के. बहल के संग्रह, शंभू साहा के संग्रह, आनंद कुमारस्वामी के संग्रह पर किया गया है।

भारतीय और विदेशी अध्येताओं ने इस वर्ष सांस्कृतिक अभिलेखागार का दौरा किया।

दस्तावेजीकरण इकाईः

प्रभाग के दस्तावेजीकरण इकाई को पुनर्जीवित किया गया है। इकाई का प्रमुख उद्देश्य उन सभी सामग्रियों को एकत्र और संरक्षण करना है जो इ.गाँ.रा.क.के. द्वारा आयोजनों अथवा शैक्षणिक कार्यक्रमों से संबंधित हो सकते हैं और जिससे कि एक विश्वसनीय संस्थागत स्मृति का निर्माण किया जा सके। इकाई द्वारा प्रभाग के विभिन्न कार्यक्रमों और आयोजनों पर संक्षिप्त लेख भी तैयार किया जाता है। यह इ.गाँ.रा.क.के. के वेबसाइट और द्विमासी समाचार बुलेटिन के प्रकाशन हेतु अद्यतनीकरण के लिए सामग्री भी प्रदान करता है।

आउटरीच कार्यक्रम

कलानिधि का एक बुक सर्कल है, जिसके अधीन महीने के प्रत्येक चौथे शनिवार को वाचन और चर्चा के लिए एक लेखक/एक पुस्तक को चुना जाता है। इसके अधीन निम्नलिखित को चुना गया थाः

दिनांक 24 अप्रैल, 2014 को सुश्री अंजू गुप्ता, सुश्री सुकृता पॉल और सुश्री रक्षंदा जलील द्वारा इस्मत चुगताई की पुस्तक 'ए चुगताई क्वार्टेट' पर चर्चा की।

जादुई यथार्थ जादूगरः दिनांक 22 मई 2014 को श्री प्रभात रंजन द्वारा आयोजित हिंदी में लिखी गेब्रियल गार्सिया मार्केज की जीवनी पर चर्चा की।

दिनांक 26 जून, 2014 को श्री राघव चन्द्र द्वारा 'सेंट ऑफ ए गेम' पर चर्चा की।

दिनांक 24 जुलाई, 2014 को सुश्री अरुणा चक्रबर्ती और सुश्री रेबा सोम द्वारा श्री सुनील गंगोपाध्याय के कार्य 'दोज डेज और फर्स्ट लाइट' पर चर्चा की।

दिल्ली और मुंबई से तीन उच्च माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थियों–साहिल बंसल, तनेशा पुरी, उद्यान शर्मा ने 20 अगस्त, 2014 को अपने प्रकाशनों 'इंक्सपायर' (पत्रिका), 'रिफ्लेक्सन्स'(कविता) और 'टेक रिच सेंचुरी' (विज्ञान) पर चर्चा की।

दिनांक 25 सितम्बर, 2014 को प्रो. मकरंद परांजपे के पहले उपन्यास 'बॉडी ऑफ्फरिंग' पर चर्चा की।

27 नवम्बर, 2014 को सुश्री नीरजा पाठक द्वारा 'अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' पर चर्चा की।

दिनांक 18 दिसंबर, 2014 को सुश्री अनु सिंह चौधरी द्वारा 'नीला स्कार्फ' को पढ़ा और उस पर चर्चा हुई।

दिनांक 22 जनवरी, 2015 को सुश्री सुमेधा वी. ओझा की पहली पुस्तक 'उरणाभि' पर चर्चा की।

दिनांक 26 फरवरी, 2015 को सुश्री मालाश्री लाल ने 'टैगोर एंड फेमिनिन' पुस्तक से पढ़ा। वर्ष 2011 में रवींद्रनाथ टैगोर की 150वीं जयंती समारोह से विश्व भर में यह पुस्तक उत्प्रेरित है।

दिनांक 26 मार्च, 2015 को डॉ. अलका त्यागी ने दो संग्रह 'व्हिसपर्स एट दी गंगा घाट' एंड 'अमलतास' में से पढ़ा।

दिनांक 23 अप्रैल, 2015 को उत्तर भारतीय संगीत के लखनऊ घराने के कुछ कलाकारों में से एक सुश्री रेखा सूर्य द्वारा 'संग इन ए सेंशुअल स्टाइल' पर चर्चा की।

कलानिधि ने निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन कियाः

- दिनांक 8 मई, 2014 को डॉ. नमन पी. आहूजा द्वारा 'द बॉडी इन इंडियन आर्ट' पर व्याख्यान का आयोजन किया गया था।
- दिनांक 20 अगस्त, 2014 को हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध कवि और समालोचक श्री यतीन्द्र मिश्र द्वारा 'साहित्य और कला की मित्रता' पर हजारी प्रसाद द्विवेदी वार्षिक स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया गया था।
- दिनांक 3 नवंबर, 2014 को डॉ. पी. वाई. राजेन्द्र कुमार, महानिदेशक, राष्ट्रीय पुस्तकालय कोलकाता द्वारा 'भारत का राष्ट्रीय पुस्तकालयः नयी चुनौतियां और अवसर' पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया था। 6–10 नवंबर, 2014 को मुंबई में 'शारदा लिपि' पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी थी।
- दिनांक 06–10 नवंबर, 2014 को मुंबई में 'शारदा लिपि' पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी थी।
- इ.गाँ.रा.क.के. के सहयोग से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में 17 नवंबर, 2014 को गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर

'गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर – ए विशनरी, आर्टिस्ट एंड पोएट – प्रदर्शनी का वूमन्स कॉलेज, सिलचर, असम

'इमेजेज ऑफ इंडिया – ए फस्किनटिंग जर्नी थ्रू टाइम' प्रदर्शनी का उद्घाटन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में

'गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर –ए विशनरी, आर्टिस्ट एंड पोएट – प्रदर्शनी का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में उद्घाटन समारोह।

– ए विशनरी, आर्टिस्ट एंड पोएट (एक विचारक, कलाकार और कवि) शीर्षक से टैगोर पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। महिला कॉलेज, सिल्चर असम के सहयोग से इ.गाँ.रा.क.के. ने 2 मार्च–20 अप्रैल, 2015 तक असम में पुनः एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था, जिसमें डॉ. पी.आर. गोस्वामी (विभागाध्यक्ष–केएन) और श्री वी. बंगरू, सहायक प्रोफेसर (केएन) ने 'सांस्कृतिक स्रोतों का प्रबंधन' पर एक लेख पढ़ा।

- इ.गाँ.रा.क.के. के सहयोग से मोइन्नुद्दीन अहमद आर्ट गैलरी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने 28 फरवरी, 2015 को 'इमेजेज ऑफ इंडिया – ए फस्किनटिंग जर्नी थ्रू टाइम' (भारत की प्रतिमाएँ–समय के माध्यम से एक मोहित यात्रा) नामक एक प्रदर्शनी की मेजबानी की।

- अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों के एक हिस्से के रूप में 24 मार्च–10 अप्रैल 2015 तक ओरल स्टीन द्वारा लिखित पुस्तकों पर 'फस्किनेटेड बाइ दी ओरिएंट–लाइफ एंड वर्क ऑन सर ओरल स्टीन' पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था।

- राजा दीन दयाल पर राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, बंगलुरु, चेन्नई, डेली कॉलेज, इंदौर, जे. जे. आर्ट कॉलेज, मुंबई, एल.डी. इंस्टीट्यूट ऑफ इंडोलॉजी, अहमदाबाद, विरासत आर्ट फेस्टीवल, देहरादून में एक प्रदर्शनी आयोजित की गयी थी और विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर मीडिया केन्द्र, इ.गाँ.रा.क.के. में 'हेनरी कार्टीयर ब्रेसन' पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था।

श्री के. रिजिजू (माननीय गृह राज्य मंत्री) द्वारा 'दी विंटेज कैमरा कलेक्शन' प्रदर्शनी का उद्घाटन।

प्रोफेसर सुनीति कुमार चटर्जी की '125 जन्म शताब्दी के अवसर पर संगोष्ठी'

- दिनांक 26 नवंबर, 2014 को प्रोफेसर सुनीति कुमार चटर्जी की 125 जन्म शताब्दी के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में फोटोग्राफ्स की एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया था।

- निफ्ट के सहयोग से 27–29 नवंबर, 2014 को पुस्तकालयों, संग्राहलयों और अभिलेखागारों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

- दिनांक 10 दिसंबर, 2014 को 'भारत और कनाडा में भाषा क्षति और देशी संस्कृति' पर एक पैनल चर्चा हुई थी।

- दिनांक 10 मार्च, 2015 को प्रोफेसर सुगता बोस द्वारा इ. गाँ.रा.क.के. में 'प्रोफेसर सुनीति कुमार चटर्जी के कार्य और उनके स्मरणार्थ संग्रह' पर एक सार्वजनिक व्याख्यान का आयोजन किया गया था।

पुस्तक मेलों में भागीदारी

कलानिधि प्रभाग ने अनेक पुस्तक मेलों में भाग लिया। इसमें अगस्त, 2014 में सम्पन्न दिल्ली पुस्तक मेला, फरवरी, 2015 नई दिल्ली में सम्पन्न विश्व पुस्तक मेला, जनवरी, 2015 में आयोजित कोलकाता पुस्तक मेला शामिल है और जयपुर साहित्य उत्सव के एक सहायक कार्यक्रम के रूप में जयपुर पुस्तक मार्क का आयोजन किया गया था। इ.गाँ.रा.क.के. के तत्वाधान में तैयार और प्रकाशित डीवीडी को भी पुस्तक मेलों में प्रदर्शित किया गया।

संरक्षण इकाई

इ.गाँ.रा.क.के. की संरक्षण इकाई एक आधुनिक और तकनीकी रूप से सुसज्जित केन्द्र है। यह विभागीय संरक्षण इकाई आवश्यकताओं और अन्य संस्थानों के लिए नियत कार्यों को पूर्ण करता है। वर्ष के दौरान इकाई की गतिविधियां निम्न प्रकार रहीः

क. पुस्तकों, पांडुलिपियों और अन्य कला की वस्तुओं का संरक्षण – 163

कलानिधि पुस्तकालय	– 12
सांस्कृतिक अभिलेखागार	– 16
जनपद संपदा प्रभाग	– 39
सीआईएल	– 11
राष्ट्रपति भवन पुस्तकालय	– 35
दिल्ली पुलिस	– 45
अन्य	– 5

ख. अन्य संरक्षण कार्य

1. पुस्तकें और फाइलों के लिए 60 'अभिलेखीय बक्से' तैयार किए गए
2. जनपद संपदा संग्रहण का पुनर्गठन (3 चरण)
3. संरक्षण प्रभाग ने तोलोशा, स्पेन की वस्तुओं की पैकिंग और परिवहन के लिए जनपद संपदा प्रभाग की सहायता की। संरक्षण प्रभाग ने 200 वस्तुओं की कंडीशन (दशा) रिपोर्ट तैयार करने के अलावा वस्तुओं के लिए आवश्यक प्रबंध किए।
4. प्रदर्शनी के लिए स्ट्रेच्ड कांथा टेक्सटाइल 35 और डी–स्ट्रेच्ड टेक्सटाइल 11
5. 'इमेजेज ऑफ इंडिया–ए फस्किनटिंग जर्नी थ्रू टाइम'(भारत की छवि) पर 116 प्रदर्शित वस्तुएं रखी
6. आईआईसी पुस्तकालय में पारदर्शी प्लास्टिक शीट से बुक शेल्फ (रोलर) को ढका गया।
7. पुस्तकों के संरक्षण पर आयोजित दो दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया।
8. असम में पुस्तकों और अन्य कला वस्तुओं के संरक्षण पर आयोजित 3 कार्यशालाओं (तेजपुर में दो दिन, मोरनहाट में तीन दिन और माजुली में दो दिन) का आयोजन किया गया।

असम में 'पुस्तकों' और 'अन्य कला वस्तुओं' के संरक्षण पर कार्यशाला

9. विभागाध्यक्ष (सी) के सुपुर्द किया:

क) मई 2014 के महीने में शिमला संग्रहालय में 'पुस्तकालय और अभिलेखीय संग्रह के निवारक संरक्षण' विषय पर कार्यशाला के लिए व्याख्यान सह प्रदर्शन दिया गया था।

ख) नवंबर 2014 के महीने में शिमला संग्रहालय में 'इलस्ट्रेटेड पांडुलिपि के निवारक संरक्षण' विषय पर कार्यशाला के लिए व्याख्यान सह सिद्ध अभ्यास आयोजित किया गया।

मीडिया केन्द्र

इ.गाँ.रा.क.के. का मीडिया केन्द्र मुख्य रूप से इ.गाँ.रा.क.के. की गतिविधियों के सभी दृश्य/श्रवण सभी प्रलेखन/अनुसंधान और आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है। वर्ष 2014–15 के दौरान मीडिया केन्द्र ने अपने अनुसंधान प्रलेखन और संग्रह को समेकित किया और नियमित डीडी भारती ट्रांसमिशन और फिल्म शो, डीवीडी प्रकाशन के माध्यम से अपने अनुसंधान के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार–प्रसार की दिशा में प्रमुख पहल की। इसने वैदिक विरासत पर इ.गाँ.रा.क.के. के समर्पित पोर्टल हेतु एक सॉफ्टवेयर भी उपलब्ध कराया है और वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए कार्यक्रमों की लघु वीडियो भी तैयार की हैं।

1. प्रलेखन

(क) रामनगर की रामलीला का समग्र प्रलेखन – 31 दिन

मीडिया केन्द्र ने 'रामलीला ऑफ रामनगर' (रामनगर की रामलीला) का व्यापक तौर पर प्रलेखन दिनांक 7 अक्टूबर, 2014 से किया। इस वृहद प्रलेखन को कुल इक्तीस दिनों तक आठ कैमरों की सहायता से किया गया जिसे रामनगर, वाराणसी में 50 से अधिक अवस्थितियों में संस्थापित किया गया था।

(ख) क्षेत्र डॉक्युमेंटेशन (प्रलेखन)

उत्तराखंड में 'नंदा देवी राज जात' का दस्तावेजीकरण अगस्त–सितंबर, 2014 के दौरान दो कैमरों की सहायता के किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान प्रत्येक 12 वर्षों में एक बार मनाया जाता है।

(ग) अन्य प्रलेखन

मीडिया केन्द्र ने 'शास्त्रोत्सव'; 'कथाकार–इंटरनेशनल स्टोरीटेलर्स फेस्टिवल'; चित्तिरै फेस्टिवल ऑफ कर्नाटिक म्यूजिक'; 'इस्लामिक हेरीटेज ऑफ रामपुर सहसवान घराना'; इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन चाम आर्ट हेरीटेज ऑफ वियतनाम; 'अफ्रीकंस इन इंडियाः ए रेडिस्कवरी' और 'वैदिक हेरीटेज पोर्टल)' सहित इ.गाँ.रा.क.के. में प्रमुख कार्यक्रमों में से कुछ के प्रलेखन का उत्तरदायित्व उठाया।

2. उत्तर पूर्व में फिल्म महोत्सव

उत्तर पूर्व के फिल्म और सांस्कृतिक समाज के संयुक्त उपक्रम में 10–11 फरवरी, 2015 को जोरहट, असम में तथा फरवरी 18–19, 2015 को शिलांग, मेघालय में इ.गाँ.रा.क.के. की फिल्मों का प्रदर्शन किया।

3. दूरदर्शन आउटरीच

मीडिया केन्द्र नियमित तौर पर संपादित किए हुए सॉफ्टवेयर डीडी–भारती चैनल में प्रसारण हेतु दूरदर्शन को आपूर्ति करता रहा है। आपूर्ति किए गए 41 विषयों में कुछ प्रमुख हैं; द्रुपद महोत्सव (छः भागों में) और सुरभि थिएटर (चार भागों में)।

4. मीडिया केन्द्र की नियमित फिल्म स्क्रीनिंग (प्रत्येक माह का 2 और 4 शुक्रवार)

मीडिया केन्द्र इ.गाँ.रा.क.के. से अपने स्वयं के फिल्म संकलनों, पीएसबीटी तथा उनके लाभार्थी स्रोतों में से फिल्मों का नियमित तौर पर प्रदर्शन करता रहा है। ज्यादातर फिल्म प्रदर्शनों के पश्चात प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन निदेशक अथवा विषय शोधकर्ताओं के साथ किया गया। प्रदर्शित की गई फिल्मों की सूची को अनुबंध–IV में दिया गया है।

5. डीवीडी का प्रकाशन

मीडिया केन्द्र ने बॉडी इन इंडियन आर्ट, सोल

पेंटिंग्स–एलिजाबेथ सास ब्रूनर, डांसिंग पाण्डवस और बुद्धिजम–ए लिविंग रिलिजन इन दी नार्थ ईस्ट ऑफ इंडिया पर फिल्म, डॉ. एन. राजम, पंडित अरविंद पारिख, विदूषी शन्नो खुराना प्रत्येक की 500 डीवीडी, प्रकाशित की है। इसके अतिरिक्त, आठ फिल्मों को पुनर्प्रकाशित किया गया।

6. परदे पर साहित्य – प्रदर्शनी सह फिल्म प्रदर्शन

इ.गाँ.रा.क.के. ने प्रसार भारती के साथ सहकार्यता में तीन दिवसीय टेली–फिल्म महोत्सव का आयोजन 10–12 फरवरी, 2015 के दौरान मीडिया केन्द्र सभागृह में किया गया। टेलीफिल्में विख्यात भारतीय लेखकों की कहानियों पर आधारित थीं। फिल्म प्रदर्शन के उपरान्त निदेशक के साथ परस्पर चर्चा सत्र भी आयोजित किए गए।

सांस्कृतिक सूचना–विज्ञान प्रयोगशाला

कला और सूचना प्रौद्योगिकी को अनुशासन के बीच सहक्रिया स्थापित करने के लिए सांस्कृतिक सूचना विज्ञान का सृजन किया गया था, जिस कारण सांस्कृतिक प्रलेखन में नई तकनीक के विकास और प्रदर्शन का प्रयोग बढ़ेगा। इस अवधि के दौरान कला और संस्कृति में तकनीकी अनुप्रयोग के क्षेत्र में इ.गाँ.रा.क.के. द्वारा किए गए कुछ मुख्य कार्य निम्न प्रकार हैं:

सांस्कृतिक सामग्री का डिजिटल प्रसार

1. विषयगत (थेमेटिक) मल्टीमीडिया डीवीडी का इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशन

गीत गोविंद परियोजना: जयदेव की गीत गोविंद पर परस्पर चर्चा के साथ मल्टीमीडिया प्रस्तुतिकरण, जिसमें चित्रों, जापों, संगीतमय प्रस्तुतियों और नृत्य को समाहित किया गया था, के प्रदर्शन को इस अवधि के दौरान पूर्ण किया गया। इसे मई, 2015 में पेनड्राईव में रिलीज किया जाएगा।

देवनारायण परियोजना: देवनारायण पर परस्पर चर्चा के साथ मल्टीमीडिया परियोजना पर कार्य प्रगति पर है और इसे वर्ष 2015–16 के दौरान पूर्ण कर लिया जाएगा।

2. प्रदर्शनियां

'बृहदेश्वरः दी मोन्यूमेंट एंड दी लिविंग ट्रेडिशन (बृहदेश्वरः स्मारक और जीवंत परंपरा), शीर्षक से एक प्रदर्शनी का आयोजन मंदिर के विभिन्न पहुलओं को प्रदर्शित करते हुए किया गया और इसे बंगलुरु में (13–22, जून 2014) प्रदर्शित किया गया, तथा

वल्लाडोलिड, स्पेन में 'बृहदेश्वरः स्मारक तथा जीवंत परंपरा' – प्रदर्शनी का उद्घाटन

'वाराणसी में बृहदेश्वरः स्मारक तथा जीवंत परंपरा'

वल्लाडोलिड (स्पेन) (13 नवंबर, से 13 दिसंबर, 2014), कोयम्बटूर (15–23 नवंबर, 2014), वाराणसी (25–29 दिसंबर, 2014 और 1–31 जनवरी, 2015) और चेन्नई (19–24, जनवरी 2015) में किया गया।

दिनांक 20–22 फरवरी, 2015 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित शीर्षक पंचतंत्रः थ्रू दी आईज ऑफ आर्टिस्ट्स इ.गाँ.रा.क.के. में भी चित्रों के संग्रह से प्रदर्शनी सुनियोजित की गई।

3. कलासंपदा

कलासंपदा एक प्रयोगकर्ता अनुकूलन हस्तक्षेप के साथ समाकलित विषय–वस्तु और सूचना का एक डिजिटल भंडार है। इस अनुप्रयोग को आयोजित करने, समग्र करने और प्रसारित करने के लिए (इंटरनेट पर) रिच डिजिटल आर्किवल होल्डिंग्स (पांडुलिपियों, पुस्तक सूची,

पुस्तकें, दृश्य सामग्री, ऑडियो और वीडियो) के नाम से इ.गाँ.रा.क.के. द्वारा विकसित किया गया है। 2014–15 के दौरान ज्योति भट्ट के संकलन से 33529 छवियों, इ. गाँ.रा.क.के. के आयोजनों में से 16209 छवियों, 76 पुस्तकों, 666 पांडुलिपियों, 101 वीडियों क्लिप्स और डिजिटल स्वरुप में 28 नृजाति–विज्ञान सामग्री को कलासंपदा में समेकित किया गया।

आज की तिथि में कलासंपदा डिजिटल कोश में 15170 पुस्तकों, विभिन्न भंडार संग्रहों से 54916 पांडुलिपियों को, रविन्द्रनाथ टैगोर की 1580 पेन्टिंग्स, 412 विजुअल टैक्सटाइल्स, 21802 फोटोग्राफ्स, भारतीय कला पर 51586 विजुअल्स (सीसीआरटी के संकलन में से), 67625 कलातत्वकोश कार्ड्स, प्रो. ज्योति भट्ट संकलन से जीवन–शैली पर 33529 विजुअल्स, 1123 नृजाति–विज्ञान सामग्री, 83 ऑडियो और 289 वीडियो क्लिप्स शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, इ.गाँ.रा.क.के. की विभागीय प्रतिवेदन, संदर्भ सूचियां, विहंगम, कलाकल्प इत्यादि को विद्यार्थियों को जानकारी प्राप्त करने में सहायता के लिए इसके साथ जोड़ा गया है।

4. इ.गाँ.रा.क.के.– वेबसाइट

इ.गाँ.रा.क.के. के जारी कार्यक्रमों (प्रदर्शनियों, सम्मेलनों/संगोष्ठी, व्याख्यान, कार्यशाला आदि) के बारे में सूचना (घटनाक्रम की तस्वीरें, ऑडियो विजुअल क्लिप, रिपोर्ट/प्रेस क्लिप और कार्यक्रम विवरण) समय–समय पर वेबसाइट पर अपलोड की गई है। एनआईसी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014–15 के दौरान औसतन मासिक वेबसाइट हिट्स लगभग 31 लाख दर्ज किए गए।

डिजीटल कलातत्वकोश टर्म (भारतीय कला के बुनियादी अवधारणाओं के शब्दकोश) कार्ड (67,625 नं.) को इ.गाँ. रा.क.के. की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है।

डिजिटल स्रोत का संवर्धन

ज्योति भट्ट के संग्रह का डिजिटलीकरण – जीवन शैली पर नकारात्मक लगभग 32,647 फोटो का डिजीटल किया गया है। परियोजना अब समाप्त होने वाली है।

इ.गाँ.रा.क.के. के संसाधनों **के** डिजिटलीकरण (अप्रैल, 2014 से मार्च, 2015) में शामिल हैं: 41 पुस्तकें (23087 पृष्ठ), 440 माइक्रोफिल्म रोल (311777 फोलियो), 177 फोटो, 19 पेंटिंग्स, 130 स्लाइड्स, 80 रोल्स (6000 फोलियो) आरओआरआई, उदयपुर और 57 लेख (350 पृष्ठ)

कार्यशालाएं

प्रस्तावित इंटेरैक्टिव मल्टिमीडिया परियोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा करने के उद्देश्य से 'अंगकोर' नाम एक दिवसीय कार्यशाला और मंदिर के विभिन्न पहलुओं के दस्तावेजीकरण व संयोजन की जटिलताओं पर चर्चा के लिए का आयोजन किया गया। प्रो. सच्चिदानंद सहाय ने कार्यशाला का समन्वय किया और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने इस अवसर पर अपने विचार साझा किए।

'सांस्कृतिक सूचना–विज्ञान' के पाठ्यक्रम को तैयार करने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन 'एक्स्प्रेसिव कल्चर' हेतु दिशानिर्देश के अधीन कौशल क्षेत्र पर 'संस्कृति' नाम से 30 मार्च, 2015 को इ.गाँ.रा.क.के. द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन प्रो. ओम विकास, पूर्व निदेशक, एबीआईआईआईटी, ग्वालियर के नेतृत्व में किया गया और इस अवसर पर एआईसीटीई, सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), नियोजन एवं वास्तुविज्ञान शाला (एसपीए), राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) तथा इ.गाँ.रा.क.के. के प्रतिनिधियों ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया। शिक्षा, संस्कृति और सूचना–विज्ञान के विभिन्न पहलुओं और मुद्दों को एकीकृत करने पर विशेषज्ञों ने अपने विचार बांटे। सर्वसम्मति बनी कि इस प्रस्तावित पाठ्यक्रम को शुरू किया जाए। यह भी सुझाव दिया गया कि स्तर 8–9 हेतु पाठ्यक्रम दिशानिर्देशों को तैयार किया जाए और सुझावों को समाहित करते हुए अंतिम प्रति को यथाशीघ्र तैयार किया जाए। इ.गाँ.रा.क.के. एआईसीटीई से औपचारिक अनुरोध करेगा कि इ.गाँ.रा.क.के. को एसकेपी (कौशल जानकार साझेदार) के तौर पर अनुमोदित करे।

विविध

निदेशक (सीआईएल) द्वारा 'संस्कृति के प्रचार–प्रसार में मल्टिमीडिया की भूमिका' विषय पर 26 सितंबर, 2014 को, तथा 'भारतीय कला के लोकाचार को समझने में डिजिटल तकनीकी का उपयोग' पर शोधपत्र 7 नवंबर, 2014 को सीसीआरटी, नई दिल्ली में प्रस्तुत किया गया।

सीआईएल से टीम भी आईसीएलएएम सम्मेलन में भाग लेने आई

वैदिक हेरिटेज पोर्टल परियोजना

1. सी–नेट इंफोटेक प्रा. लि. का चयन वैदिक विरासत एवं इ.गाँ.रा.क.के. वेब पोर्टल्स के डिजाइन और विकास के लिए किया गया। वैदिक विरासत पोर्टल की संरचना और डिजाइन को शोधकर्ताओं के साथ मिलकर अंतिम रूप दिया जा रहा है।

2. इ.गाँ.रा.क.के. के पास उपलब्ध वेदों पर पूर्व में ही ए/वी दस्तावेजों का संपादन (जाप/गायन (वेद पथ)/अनुष्ठान) प्रारंभ कर दिया गया है।

3. कडवल्लूर श्री रामास्वामी मंदिर, केरल में 14–16, नवंबर 2014 के दौरान 'वेदों की मौखिक एवं लिपिबद्ध परंपरा' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

4. विख्यात शोधकर्ताओं द्वारा वेदों के समृद्ध ज्ञान पर जागरुकता सृजित करने व इसके प्रचार–प्रसार के लिए एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

5. केरल में अन्योन्यम् (एक वैदिक अनुष्ठान) के एक् ऑडियोवीडियो प्रलेखन पूरा किया गया।

6. संस्थान जैसे श्री वेद भारती, हैदराबाद; तिरुपति राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति; श्री चंद्रशेखरेन्द्र सरस्वती विश्व विद्यालय, कांचीपुरम; और वैदिक संशोधन मंडल, पुणे के साथ सहयोग उन्नति पर है।

7. इ.गाँ.रा.क.के. वेबसाइट पर एक वेबपृष्ठ का सृजन सभी मूल जानकारियों व विवरणों के साथ किया गया है तथा इसे www.ignca.gov.in/vedic_portal.htm पर देखा जा सकता है।

राष्ट्रीय सांस्कृतिक ऑडियोविजुअल अभिलेखागार (एनसीएए) परियोजनाः

1. योजना समिति द्वारा इस परियोजना हेतु डिजिटाइजेशन एवं मेटाडाटा मानकों को अंतिम रूप दिया जा चुका है और इसे सार्वजनिक डोमेन पर उपलब्ध कराया गया है।

2. समझौता ज्ञापन को पांच साझेदार संस्थाओं के साथ हस्ताक्षर किया गया है – रुपायन संस्थान, जोधपुर; इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल; नाट्य शोध संस्थान, कोलकाता; भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, दिल्ली और सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, नई दिल्ली। कई अन्य समझौता ज्ञापनों पर कार्य प्रगति पर है।

3. सी–डैक, पुणे एक अनुप्रयोग को विकसित कर रहा है जो साझेदार संस्थाओं से देश भर के विभिन्न स्थानों से मैटाडाटा का ऑनलाइन तरीके से आगत करने में मदद करेगा और डाटा को लंबे समय तक संरक्षित भी करेगा।

4. राष्ट्रीय के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों को वृहत–स्तर पर ऑडियोविजुअल डिजिटाईजेशन के कार्य को पूर्ण करने के लिए चिन्हित किया गया था, जिसे 10,000 घंटों के ऑडियों और वीडियो सामग्री को ध्यान में रख कर किया गया था। इस सामग्री का चयन इ.गाँ.रा. क.के., सीसीआरटी एवं आईसीसीआर की संपत्तियों में से नमूना डिजिटाईजेशन हेतु सेवाप्रदाताओं से संपर्क करने के लिए किया गया था, जिसमें परियोजना द्वारा डिजिटाईजेशन एवं मैटाडाटा के मानकों का कड़ाई पालन किया जा रहा है।

5. एनआईसी को संस्कृति मंत्रालय के माध्यम से आवश्यक डिजिटल आर्किवल स्पेस (1–2 पेटाबाईट्स के समकक्ष) प्रदान करने के लिए अनुरोध किया गया है। इस संबंध में आवश्यक जानकारी को पहले ही एनआईसी को अग्रेषित किया जा चुका है।

6. क्षमता निर्माण के लिए साझेदार संस्थाओं के कार्मिकों हेतु एक प्रशिक्षण कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

कलाकोश प्रभाग

कलाकोश प्रभाग केन्द्र के मुख्य अनुसन्धान तथा प्रकाशन स्कन्ध के रूप में कार्य करते हुए कलाओं से जुड़ी बौद्धिक तथा पाठ्य परम्पराओं का उनके बहुस्तरीय एवं विविध विद्यापरक संदर्भों में अनुसन्धान करता है। यह शास्त्र को संदर्भ के साथ, दृश्य को मौखिक के साथ और सिद्धांत पक्ष को व्यवहार पक्ष के साथ जोड़ते हुए, कलाओं को एक साँस्कृतिक प्रणाली के समग्र ढांचे के भीतर स्थापित करने का प्रयास करता है।

कार्यक्रम 'क'
कलातत्त्वकोश

(भारतीय कला की आधारभूत अवधारणाओं का एक शब्दकोश)
कलातत्त्वकोश (केटीके) भारतीय कलाओं की मौलिक अवधारणाओं का विश्वकोश है। इस कार्यक्रम के तहत प्रसिद्ध विद्वानों के साथ गहन विचारविमर्श और चर्चा के बाद 250 अवधारणात्मक शब्दों की सूची तैयार की गई। हर अवधारणा की पड़ताल विभिन्न संकायों के 300 प्राथमिक ग्रंथों के अवगाहन के पश्चात की गई। 1988 से, जब इस सीरीज का पहला खंड प्रकाशित हुआ था, अब तक छः और खंड आ चुके हैं जो व्यापक शब्द, स्थान और काल, आदि तत्त्व, प्रकृति का निरूपरण, स्वरूप/आकार और रूप/प्रतीकात्मक आकार से

संबंधित हैं। इस साल के दौरान केटीके खंड VII तैयार हो चुका था। प्रस्तावना, शब्द सूची, पूरा होने के बाद खंड VII अब प्रेस में जाने के लिए तैयार है।

अधोस्तर / वास–स्थान(सब्सट्रैटम / अबोड): स्थान / आयतन की अवधारणा पर विरचित खंड VII में निम्नलिखित शब्दावली हैं:

1. स्थान / आयतन
2. तीर्थ
3. कुंड
4. स्कम्भ / स्तम्भ
5. कोना / असर / वृत्त
6. सिटी / चैत्य / स्तूप
7. सन्निवेसा / संस्थान

संदर्भ कार्ड

कलाकोश प्रॉजेक्ट के तहत विभिन्न परियोजनाओं के लिए संदर्भ कार्ड तैयार करना पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र (ईआरसी), वाराणसी का मुख्य कार्य है। विभिन्न ग्रंथों से चयनित इस वर्ष 2190 कार्ड (केटीके आगामी संस्करणों की अन्य शब्दावलियों पर 1188 कार्ड सहित केटीके VII भाग– II पर 135 कार्ड, केटीके VIII के लिए 331 कार्ड, केटीके IX के लिए 212 कार्ड, केटीके X के लिए 304 कार्ड) तैयार किए गए। वर्तमान में इ.गाँ.रा.क.के. ईआरसी के पास 69,500 कार्ड है।
विगत वर्ष सभी संदर्भ कार्ड (प्रारंभिक तौर पर 67,000 प्रस्तुत) इ.गाँ.रा.क.के., ईआरसी द्वारा तैयार किए गए थे जिसमें सीआईएल, इ.गाँ.रा.क.के., नई दिल्ली के विशेषज्ञों ने इसे डिजिटाईज्ड किया था। इस इलेक्ट्रॉनिक डाटा को इ.गाँ.रा.क.के. के वेबपेज से जोड़ा गया है और शोधकर्ताओं के उपयोग के लिए इसे प्रदान किया गया है। इस क्रम में 3440 कार्ड सीआईएल को अद्यतन करने हेतु प्रस्तुत किए हैं।

कार्यक्रम 'ख'
कलामूलशास्त्र

(कलाओं पर मौलिक पाठों / मूल ग्रंथों की श्रृंखला)
कलामूलशास्त्र श्रृंखला कलाकोश प्रभाग का दूसरा अविरत कार्यक्रम है। यह एक दीर्घकालीन शोध एवं प्रकाशन कार्यक्रम है। इस महत्त्वाकांक्षी श्रृंखला में स्थापत्य, शिल्प और चित्रकला से लेकर संगीत, नृत्य और रंगमंच जैसी भारतीय कला विधाओं से संबंधित मूल ग्रंथों के आलोचनात्मक संस्करण टिप्पणियों, टीकाओं, सूचियों सहित उपयुक्त अंग्रेजी (कुछ के हिन्दी भी) अनुवाद के साथ प्रकाशित किए गए हैं।?
इ.गाँ.रा.क.के. के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य कलाओं और साथ ही विशिष्ट कलाओं से संबंधित मूल ग्रंथों को प्रकाशित करना है।

पांडुलिपियों को अनुक्रमित करने, उनका संपादन करने, एक विश्वसनीय पाठ तैयार करने और उन्हें अंग्रेजी में अनुदित करने के लिए एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम तैयार किया गया है। इसका प्रयास लगभग सहस्राब्दी की अवधि के दौरान भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कलाओं के साहित्यिक परंपरा को प्रकाश में लाने का है। ऐसे किसी भी कार्यक्रम पर इंडोलॉजिस्ट या कला इतिहासकारों द्वारा काम नहीं किया गया है। कलामूलशास्त्र का प्रकाशन भारत के विभिन्न भागों में विशिष्ट कलाओं तथा उनके सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पहलुओं पर सशक्त व्याख्यानों का स्पष्ट निरूपण करता है। इसे ध्यान में रखते हुए इ.गाँ.रा.क.के. ने 74 खंडों में 29 ग्रंथों का प्रकाशन किया है जहां मूल और अनुवाद साथ–साथ दिए गए हैं। यह महती कार्य भारतीय और विदेशी विद्वानों के प्रयासों से संभव हुआ। पूरे साल के दौरान, इ.गाँ.रा.क.के. की प्रकाशन नीति में बदलाव लाया गया और नई नीति बनाई गई। अब निम्नलिखित पुस्तकें प्रकशित की गई।

1. काण्वशतपथ ब्राह्मण (खंड VII)

कलामूल श्रृंखला के अंतर्गत इ.गाँ.रा.क.के. ने कण्वसतपथ ब्राह्मण के महत्वपूर्ण संस्करण के प्रकाशन का कार्य हाथ में लिया जिसमें सभी 17 कांडों का अंग्रेजी में अनुवाद भी शामिल किया गया। इस वर्ष इस प्रकाशन का खंड VII जारी किया गया। इसे डॉ. सी. आर. स्वामीनाथन द्वारा अनुदित और संपादित किया गया है। यह अनुष्ठाणिक परंपराओं के औपचारिक पहलुओं का मूल पाठ है जो कार्यप्रणाली के रुप में विचार तथा 'छवि' के मध्य एक संपर्क स्थापित करता है और यह वास्तव में भारतीय पौराणिक कथाओं और कला का प्रतीक है। शतपथ ब्राह्मण शुक्ल यजुर्वेद से संबंधित है और यह दो पाठों में उपलब्ध है जिसे कण्व और माध्यंदिन के नाम से जाना जाता है। माध्यंदिन पाठ का संपादन बेवर द्वारा 1923 में किया गया था और इसका अंग्रेजी अनुवाद एगलिंग द्वारा प्रदान किया गया था।

2. रागविबोध ऑफ सोमनाथ (सोमनाथ का रागविबोध)

रागविबोध 17वीं सदी से संगीत विद्या की एक उत्कृष्ट कृति है। यह प्राचीन सिद्धांत और प्रचलित प्रथाओं के बीच मौजूदा विरोधाभासों को संबोधित करने के लिए इसे सोमनाथ द्वारा रचा गया था; और इस प्रकार यह एक अपरिहार्य ग्रंथ बन गया।

महान गुरुओं जैसे कि नमक्कल सेशा अयंगार, संगीता

कलानिधि थिरुप्पमबुरम स्वामीनाथ पिल्लई और संगीता कलानिधि मुडिकोन्डन वेंकटाराम अईय्यर की शिष्या डॉ. रंगानायकी अयंगार ने इसका संपादन और अनुवाद किया है और डॉ. सुधीर कुमार लाल इन पाठों के प्रबंध संपादक हैं।

3. **रागलक्षणम् ऑफ मुद्दुवेंकटामखिन**

रागलक्षणम, चतुर्दंडीप्रकाशिका की एक कड़ी है। पहला कर्नाटक संगीत का पारिभाषिक पाठ है और दूसरा इसका भेद्य, बोधगम्य और व्यापक टीका है; दोनों को ही केएमएस श्रृंखला में प्रकाशित किया गया है। इस संस्करण का एक विशेष फीचर उपलब्ध रचना सामग्री को सभी किस्मों में समाहित करना है और वर्ष 1650 ईसवी से 1950 ईसवी तक के; वह भी केवल निरुपण के तौर पर।

बच्चों के लिए एक ग्रीष्मकालीन कठपुतली शिविर 10–14 जून, 2014 से नागालैंड कठपुतली बना रही है और प्रदर्शन से प्रेरित छाया कठपुतली कला की खोज के लिए आयोजित किया गया था।

'पपेट (कठपुतली) बनाने और प्रस्तुतीकरण' पर समर कैम्प

- जनपद संपदा प्रभाग का वार्षिक दिवस 31 जुलाई, 2014 को मनाया गया। इस अवसर पर सुश्री विद्या शाह द्वारा पद्मावत का एक व्याख्यान प्रदर्शन का आयोजन किया गया और एक तीज हाट का भी आयोजन किया गया।

'हरियाली तीज' का उत्सव

कलादर्शन प्रभाग

कलादर्शन प्रभाग कला के विविध रूपों की अनूठी प्रस्तुति के लिए काम करता है। यह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है जिसमे कला प्रदर्शनियां, संगीत और नृत्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगोष्ठियां और व्याख्यान शामिल हैं। आयोजित कार्यक्रम अनुसंधान परियोजनाओं पर या भविष्य के अनुसंधान के लिए भंडार को बढ़ाने पर आधारित हैं। कलादर्शन इ.गाँ.रा.क.के. के अन्य प्रभागों के साथ–साथ स्वयं के लिए भी कार्यक्रमों का आयोजान करता है। किसी कार्यक्रम के लिए स्थान उपलब्ध कराने का कार्य इस प्रभाग द्वारा किया जाता है जिसमें माटीघर, ट्विन आर्ट गैलरीज, 11 मानसिंह रोड पर गैलरी स्पेस और व्याख्यान कक्ष, सी.वी.मेस रोड पर कॉन्फ्रेंस हॉल, सी.वी.मेस रोड पर ऑडिटोरियम और मीडिया सेंटर, एम्फीथिएटर या इ.गाँ.रा.क.के. के खुले लॉन शामिल हैं।

कलादर्शन प्रचार और इ.गाँ.रा.क.के. के कार्यक्रमों के बढ़ावा देने के लिए भी काम करता है। यह संस्था की पीआर एजेंसी के साथ घनिष्ठ समन्वय में कार्य करती है और ई–समाचार पत्र, फेसबुक और एलईडी डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से कार्यक्रमों

के बारे में आगंतुकों को सूचित करती रहती है।

इस वर्ष प्रभाग निम्नलिखित गतिविधियों में शामिल रहाः

प्रदर्शनियां

1) निर्भया–बहु अभिव्यक्तियाँ (निर्भया–मल्टीप्ल एक्सप्रेशंस) एक समकालीन कला प्रदर्शनी, निर्भया–बहु अभिव्यक्तियाँ (निर्भया–मल्टीप्ल एक्सप्रेशंस) इ.गाँ.रा.क.के. में क्रिएटिव माइंड प्रकाशन के सहयोग से आयोजित की गयी थी। प्रदर्शनी में महिलाओं की सुरक्षा और संवेदनशीलता विषय पर 100 कलाकारों की रचनाओं को प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद प्रदर्शनी का आयोजन निव आर्ट सेंटर, नई दिल्ली में किया गया जहां पर यह 26 अप्रैल, 2014–3 मई, 2014 तक खुली रही। 6 अप्रैल, 2014 को एक दिवसीय कला शिविर का आयोजन किया गया था।

'निर्भया–मल्टीप्ल एक्सप्रेशंस' संबंधी कैटलॉग का विमोचन।

2.) आर्टिस्ट मेंटर प्रोग्राम (कलाकार संरक्षक कार्यक्रम)

इ.गाँ.रा.क.के. में आर्ट फर्स्ट फाउंडेशन के सहयोग से 1–3 मई, 2014 को बच्चों के कार्य 'पार्टनर ए मास्टर–आर्टिस्ट मेंटर प्रोग्राम' और 1 मई, 2014 को 'इंटेग्रेटिंग विजुअल लिटरेसी इन क्लासरूम' (कक्षा में दृश्य साक्षरता का एकीकरण) पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

3.) लाइट से तैयारः प्रारंभिक फोटोग्राफी और भारतीय उप–महाद्वीप (ड्रान फ्रॉम लाइटः अर्ली फोटोग्राफी एंड दी इंडियन सबकॉन्टिनेंट)

175वें विश्व फोटोग्राफी दिवस पर लाइट से तैयारः प्रारंभिक फोटोग्राफी और भारतीय उप–महाद्वीप (ड्रान फ्रॉम लाइटः अर्ली फोटोग्राफी एंड दी इंडियन सबकॉन्टिनेंट) नामक एक प्रदर्शनी अल्काजी फाउंडेशन फॉर आर्ट्स के सहयोग से इ.गाँ.रा.क.के. द्वारा आयोजित की गयी। 1840 से 1910 शताब्दी के बीच दक्षिण एशियाई क्षेत्र से दुर्लभ, प्रतिष्ठित और मूल फोटोग्राफी नमूनों का प्रदर्शन किया गया था, जिसमें भारत, बर्मा, सीलोन, श्रीलंका, नेपाल के जीवन और संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी 30 सितंबर, 2014 तक खुली हुई थी। क्यूरेटर वार्ता, व्याख्यान, फोटोग्राफी कार्यशाला और एक संगोष्ठी इस कार्यक्रम का हिस्सा थे।

'ड्रान फ्रॉम लाइटः अर्ली फोटोग्राफी एंड दी इंडियन सबकॉन्टिनेंट' प्रदर्शनी से 'बर्मी महिला', एक फोटोग्राफ

4.) 'अफ्रीकंस इन इंडियाः ए रेडिस्कवरी' (भारत में अफ्रीकीः एक पुर्नखोज)

इ.गाँ.रा.क.के. ने 8 अक्तूबर–4 नवंबर, 2014 तक 'अफ्रीकंस इन इंडियाः ए रेडिस्कवरी' (भारत में अफ्रीकीः एक पुर्नखोज) नामक प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन 8 अक्तूबर, 2014 को श्री नवतेज सिंह सरना, सचिव (पश्चिम), विदेश मंत्रालय, डॉ. सिल्वेन ए. डियोफ, निदेशक, स्कूम्बर्ग केन्द्र और डॉ. केनेथ एक्स. रॉबिन्स, विषय से संबंधित विद्वान ने किया। न्यूयार्क पब्लिक लाइब्रेरी के ब्लैक कल्चर में स्कूम्बर्ग अनुसंधान केन्द्र के सहयोग से एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था, इसमें अफ्रीकी महाद्वीप से आए लोगों की यात्रा का पता लगाया गया, जो भारत के विभिन्न हिस्सों में बस गए और भारतीय कला और संस्कृति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। शो को डॉ. डियोफ और डॉ. रॉबिन्स द्वारा संयुक्त रूप से क्यूरेट किया गया।

'अफ्रीकंस इन इंडियाः ए रेडिस्कवरी' प्रदर्शनी का उद्घाटन

'अफ्रीकंस इन इंडियाः ए रेडिस्कवरी' प्रदर्शनी में सिदी गोमा समूह का प्रस्तुतीकरण।

'सिदी गोमा समूह' (गुजरात के श्याम सूफी) द्वारा एक प्रस्तुति का आयोजन इसके उद्घाटन के दौरान किया गया, जिसमें भारत में अफ्रीकी भारतीयों की संस्कृति को प्रदर्शित किया गया। कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारीगण और राजनयिक बिरादरी के लोगों ने इस प्रदर्शनी को देखा।

5.) भारत और प्रथम विश्व युद्ध– बड़े युद्ध 1914–18 के 100 वर्षों के उपलक्ष्य में

इ.गाँ.रा.क.के. द्वारा 12 जनवरी, 2015 को रोली बुक्स के सहयोग से भारत में फ्रांसीसी दूतावास ने इंडिया एंड दी फर्स्ट वर्ल्ड वॉर –कमेमोरेटिंग 100 इयर्स ऑफ दी ग्रेट वॉर 1914/1718 एक प्रदर्शनी का आयोजन किया था। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री रवीन्द्र सिंह, सचिव, सांस्कृतिक मंत्रालय और भारत में फ्रांस के राजदूत महामहिम फ्रेंकोइस रिचर द्वारा परमवीर चक्र विजेता सूबेदार योगेन्द्र सिंह यादव, 18वीं ग्रेनेडियर्स की उपस्थिती में किया गया। सुश्री वेदिका कान्त द्वारा लिखित पुस्तक इंडिया एंड दी फर्स्ट वर्ल्ड वॉर (भारत और प्रथम विश्व युद्ध) का भी इस अवसर पर विमोचन किया गया। फोटोग्राफ्स, मूक फिल्म, ऑडियो क्लिपिंग और उन बहादुर भारतीय सिपाहियों की मूल यादगार वस्तुएं, जिन्होंने अनजान क्षेत्र, विपरीत मौसम और ऐसी सेना जिसको वे जानते नहीं थे, के साथ ब्रिटिश झंडे के नीचे प्रथम विश्व युद्ध लड़ा, पर एक प्रदर्शनी लगायी गयी। उनमें से हजारों सैनिक युद्ध में मारे गए। सौ वर्ष होने पर, यह प्रदर्शनी उन भारतीय सिपाहियों को एक श्रद्धांजली थी।

'इंडिया एंड दी फर्स्ट वर्ल्ड वॉर –कमेमोरेटिंग 100 इयर्स ऑफ दी ग्रेट वॉर' पर प्रदर्शनी एवं पुस्तक विमोचन।

6.) फोक आर्काइव

31 जनवरी, 2015 को दो कलाकारों श्री एलेन काने और श्री जेरेमी डेलर द्वारा फोक आर्काइव पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था। इ.गाँ.रा.क.के. के सहयोग से ब्रिटिश कोंसिल की यह प्रदर्शनी 27 फरवरी, 2015 तक चली और इसमें एक समकालीन संदर्भ में लोक कला का प्रदर्शन किया गया। सर जेम्स बेवन केसीएमजी, भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त उद्घाटन के अवसर पर सम्माननीय अतिथि थे।

7.) 409 रामकिंकर्स

विवाड़ी के सहयोग से इ.गाँ.रा.क.के. ने एक प्रतिस्थापन–कला–थिएटर कार्यक्रम, 409 रामकिंकर्स की मेजबानी की। पूरे महीने चलने वाले थिएटर पहलू कार्यक्रम की शुरुवात 24 मार्च, 2015 को हुई। इसमें मूर्तिकार–पटचित्रकार–थिएटर कलाकार, रामकिंकर

बैज (1906–1980) के रचनात्मक वातावरण समीक्षा करते हुए 21वीं सदी से पहले की शैली का प्रदर्शन किया गया। इस प्रकार का एक शो 2 अप्रैल, 2015 को समाप्त हुआ। मूर्ति संस्थापन पर प्रदर्शनी 6 मई, 2015 तक खुली रही।

संगोष्ठियां/सम्मेलन/कार्यशालाएं

संगोष्ठी

1. कक्षा में दृश्य साक्षरता का एकीकरण

आर्ट फर्स्ट फाउंडेशन के सहयोग से इ.गाँ.रा.क.के. ने 1 मई, 2014 को 'कक्षा में दृश्य साक्षरता का एकीकरण' पर एक संगोष्ठी का आयोजना किया। युवा भागीदारों ने कलाकार–गुरु कार्यक्रम पर अपने कार्यों और अनुभव के बारे में जानकारी दी। उनके कार्यों को 3 मई, 2014 तक प्रदर्शित भी किया गया था।

'कक्षा में दृश्य साक्षरता का एकीकरण' संगोष्ठी का आयोजन किया।

2. इ.गाँ.रा.क.के. अभिलेखागार– एक विहंगावलोकन

प्रदर्शनी के हिस्से के रूप में, 'ड्रान फ्रॉम लाइटः अर्ली फोटोग्राफी एंड दी इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (प्रकाश से तैयारः आरंभिक फोटोग्राफी और भारतीय उप–महाद्वीप), 17 सितंबर, 2014 को 'इ.गाँ.रा.क.के. का अभिलेखागार –एक विहंगावलोकन' पर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी थी। इ.गाँ.रा.क.के. में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने संगोष्ठी में भाग लिया और सांस्कृतिक सामग्री, मानव विज्ञान संबंधी संग्रह, दुर्लभ पुस्तकों, दृश्य–श्रवण प्रलेखन, स्लाइड्स, फोटोग्राफ आदि सहित अभिलेखागार का व्यापक चित्रात्मक विवरण प्रस्तुत किया।

कुछ पत्र सुश्री हिमानी पांडे और टीम के द्वारा 'कैप्चरिंग साइट एंड साउंड फॉर पोस्टेरिटी'; डॉ. गौतम चटर्जी द्वारा 'ऑडियो/विसुअल डॉक्यूमेंटेशन ऑफ इंटेजिबल हेरिटेजः अर्चिविंग एंड डिसेमिनेशन बाइ आईजीएनसीए (इ.गाँ.रा.क.के. द्वारा अमूर्त विरासत के ऑडियो/

'इ.गाँ.रा.क.के. का आर्काइव्ज – एन ओवरव्यू' पर संगोष्ठी

विजुअल दस्तावेजः संग्रह और प्रसार)'; सुश्री प्रियम घोष द्वारा 'नेशनल कल्चरल ऑडियो विजुअल आर्काइव्ज – एन ओवरव्यू (राष्ट्रीय सांस्कृतिक ऑडियो विजुअल अभिलेखागार–एक सिंहावलोकन)' में से थे।

3. 'अफ्रीकंस इन इंडियाः ए रेडिस्कवरी' (भारत में अफ्रीकीः एक पुर्नखोज)

प्रदर्शनी के साथ–साथ, इ.गाँ.रा.क.के. द्वारा 15 अक्तूबर, 2014 को 'अफ्रीकंस इन इंडियाः ए रेडिस्कवरी' (भारत में अफ्रीकीः एक पुर्नखोज) पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया था। भारत के अनेक विद्वानों और विदेश के कुछ विद्वानों ने सम्मेलन में भाग लिया। अफ्रीकी और भारतीय समुदायों के बीच प्राचीन संबंध, कला के क्षेत्र में भारत में अफ्रीकी समुदाय का योगदान, वास्तुकला, सेना कौशल और धर्म पर केन्द्रित लगभग 12 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए थे। क्योंकि अधिकतर अफ्रीकी समुदाय पूर्वी अफ्रीका से आए हैं, जो हिन्द महासागर में आता है, सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा हाल ही में शुरू की गयी

'अफ्रीकंस इन इंडियाः ए रेडिस्कवरी' की संगोष्ठी में भाग लेने वाले विद्वान

'परियोजना मौसम' के अंतर्गत विषय महत्वपूर्ण हित का है।

4. उत्तर– दक्षिण

इ.गाँ.रा.क.के. ने ललित कला अंतर्राष्ट्रीय फाउंडेशन के सहयोग से 25–26 अक्तूबर, 2014 तक भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, कोलकाता में 'उत्तर–दक्षिण –कर्नाटक और हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत पद्धति के बीच पारस्परिक क्रिया' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। पंडित अजय चक्रवर्ती (स्वर), पंडित बुद्धदेव दासगुप्ता (सरोद), पंडित अनिंदों चटर्जी (तबला) हिंदुस्तानी शैली के भागीदार थे और सुश्री अरुणा साइराम (स्वर), डॉ. नर्मदा (वायलिन), श्री के.वी. प्रसाद (मृदंग) कर्नाटक संगीत पद्धति के भागीदार थे। श्री अरविंद पारिख और श्री गणेश कुमार ने चर्चा के दौरान मोडेरेटर की भूमिका निभायी। चर्चा दोनों धाराओं के बीच समानता और प्रत्येक की विशिष्टता के बारे में ही हुई। इस प्रकार का यह पाँचवाँ सत्र था, इससे पहले सत्र चेन्नै (दो बार), मुंबई और दिल्ली में आयोजित किए गए थे। कार्यक्रम के बाद सभी भागीदारों ने संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

5. भारतीय शास्त्रीय संगीत में पारंपरिक बंदिश का महत्व

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और काला प्रकाश, एक गैर सरकारी संगठन के सहयोग से डॉ. एन. राजम पर डीवीडी रिलीज समारोह के हिस्से के रूप में 'भारतीय शास्त्रीय संगीत में पारंपरिक बंदिश का महत्व' विषय पर एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई थी। संगोष्ठी 6 फरवरी, 2015 को आयोजित की गई।

6. गांधी और परम पावन दलाई लामा के विचार

इ.गाँ.रा.क.के. के सहयोग से 28–29 मार्च, 2015 को तिब्बत सभा (परम पावन दलाई लामा के सांस्कृतिक केन्द्र) द्वारा 'महात्मा गांधी और परम पावन दलाई लामा के विचार और योगदान' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई थी।

कार्यशाला

7. कहानी उत्सवः कथावाचन कला को बढ़ावा देने के लिए एक कथावाचन उत्सव

मौखिक परम्पराओं को बढ़ावा देने के प्रयास के रूप में **इ.** गाँ.रा.क.के. के एक हिस्से के रूप में 8–11 मई, 2014 को स्टोरी घर के सहयोग से एक कथावाचन उत्सव का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बच्चों के लिए कठपुतली निर्माण कार्यशालाएं और कथावाचन सत्र शामिल थे और इसका आयोजन नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय, नेशनल बुक ट्रस्ट और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कुछ स्कूलों के सहयोग से किया गया था। उत्सव ने कथावाचन के अपने कौशल को दर्शाने में विभिन्न कलाकारों को एक दूसरे के नजदीक लाने में सहायता की।

8. कला शिक्षा का तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह

कला शिक्षा का तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह एनसीईआरटी, इ.गाँ.रा.क.के. और कथक केन्द्र के साथ 22–24 मई, 2014 तक आयोजित किया गया था, जिसमें सरकारी स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। पहले दिन कार्यशाला का आयोजन कथक केन्द्र चाणक्यपुरी में नृत्य और चाल पर सुश्री सुष्मिता घोष द्वारा किया गया था। 23 मई, 2014 को इ.गाँ.रा.क.के. द्वारा 'बृहदेश्वर मंदिर' और 'गंगा' पर फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया था, जिसके बाद मनीषा झा और समूह द्वारा 'मधुबनी चित्रकारी' पर एक जीवंत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन बचपन द्वारा कथावाचन सत्र, श्री अशोक शियोदे द्वारा 'कीट सौंदर्य' पर स्लाइड का प्रस्तुतीकरण

'गांधी और परम पावन दलाई लामा के विचार' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी।

एनसीईआरटी के सहयोग से 'कला शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह'।

और अभिज्ञान नाट्य एसोसिएशन द्वारा नाट्याभिनय और साक्षी, एक एनजीओ द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति शामिल हैं।

9. फोटोग्राफी

इ.गाँ.रा.क.के. में 24–28 सितम्बर, 2014 को बाल जगत कार्यक्रम के तत्वावधान से, फोटोग्राफी पर कार्यशाला आयोजित की गई। इ.गाँ.रा.क.के. के श्री डी. एन. वी. एस. सीतारामैय्या, वरिष्ठ फोटोग्राफी अधिकारी द्वारा 'ड्रान फ्रॉम लाइटः अर्ली फोटोग्राफी एंड दी इंडियन सबकॉन्टिनेंट' प्रदर्शनी के हिस्से के रूप में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लिया।

'फोटोग्राफी' पर कार्यशाला।

10. मनोधर्मा

मैसूर वासुदेवाचार्य की दुर्लभ रचनाओं पर 'मनोधर्मा' को विकसित करने पर एक कार्यशाला 31 जनवरी, 2014 को आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम त्यागराज आराधनाई पर संगीत समारोह के एक हिस्से के रूप में षण्मुखानंद संगीत सभा के सहयोग से आयोजित किया गया था। श्रीमती सुगुणा वरदाचारी ने आने वाले संगीतकारों और विद्यार्थियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया।

सार्वजनिक व्याख्यान

1. श्री जॉनी एमएल और डॉ. पुरुषोत्तम बिलिमेल द्वारा वार्ता

निर्भया–बहु अभिव्यक्तियाँ (निर्भया–मल्टीप्ल एक्सप्रेशंस) पर वृहद कला प्रदर्शनी के एक हिस्से के रूप में, 06 अप्रैल, 2014 को श्री जॉनी एमएल और डॉ. पुरुषोत्तम बिलिमेल द्वारा व्याख्यान प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम एक लड़की 'निर्भया' को समर्पित था, जिसने 16 दिसंबर, 2012 को अपने ऊपर हुए क्रूर अत्याचार का बहादुरी से मुकाबला किया।

2. अभिलेखागार एक वस्तु और अभ्यास के रूप में

'ड्रान फ्रॉम लाइटः अर्ली फोटोग्राफी एंड दी इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (प्रकाश से तैयारः प्रारंभिक फोटोग्राफी और भारतीय उप–महाद्वीप) नामक प्रदर्शनी के एक हिस्से के रूप में 'अभिलेखागार एक वस्तु और अभ्यास के रूप में' पर श्री अक्षय तनखा द्वारा 29 अगस्त, 2014 को इ.गाँ.रा.क.के. में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया था। श्री तनखा कला विभाग, टोरेंटों विश्वविद्यालय में एक शोध विद्यार्थी हैं और वर्तमान में नागालैंड की दृश्य संस्कृति का अध्ययन कर रहे हैं। इस वार्ता में इस बात की चर्चा की गयी कि अभिलेखागार में किस प्रकार ऐतिहासिक सामग्री का प्रयोग किया गया और समकालीन नागालैंड में बहु संस्कृति और राजनैतिक कार्यों के माध्यम से पुनः व्याख्या की गयी है जो लगातार 'अभिलेखागार' को एक वस्तु और अभ्यास के रूप में पुर्नगठित करता है।

3. दृश्य ऐतिहासिक अभिलेखागार का निर्माणः सामाजिक विज्ञान अध्ययन केन्द्र, कोलकाता के फोटो संग्रह से चयन

इ.गाँ.रा.क.के. ने 'ड्रान फ्रॉम लाइटः अर्ली फोटोग्राफी एंड दी इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (प्रकाश से तैयारः प्रारंभिक फोटोग्राफी और भारतीय उप–महाद्वीप) नामक प्रदर्शनी के एक हिस्से के रूप में 13 सितम्बर, 2014 को प्रोफेसर ताप्ती गुहा ठाकुरता द्वारा 'दृश्य ऐतिहासिक अभिलेखागार का निर्माणः सामाजिक विज्ञान अध्ययन केन्द्र, कोलकाता के फोटो संग्रह से चयन' पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। प्रोफेसर ठाकुरता एक प्रसिद्ध कला इतिहासविद और कोलकाता में सामाजिक विज्ञान अध्ययन केन्द्र में सामाजिक अध्ययन की निदेशक/प्रोफेसर हैं। व्याख्यान में विशेष रूप से दृश्य अभिलेखागारों पर केंद्रित सामाजिक विज्ञान अध्ययन केन्द्र द्वारा अभिलेखागार संबंधी सामग्री के लिए अनिवार्यताओं और चुनौतियों संबंधी कार्यों पर चर्चा की गयी।

4. डिसीप्लीनिंग दी आर्काइवः प्रैक्टिसेज इन आर्ट एंड पेडगोग्य

दिनांक 27 सितंबर, 2014 को मध्यस्थ के रूप में श्री सौम्यब्रत चौधरी के साथ श्री साबिह अहमद और सुश्री अनुराधा कपूर द्वारा 'डिसीप्लीनिंग दी आर्काइवः

प्रैक्टिसेज इन आर्ट एंड पेडगोग्य' (पुरालेख अनुशासितः कला और अध्यापन में प्रथाएं) पर एक व्याख्यान 'ड्रान फ्रॉम लाइटः अर्ली फोटोग्राफी एंड दी इंडियन सबकॉन्टिनेंट' प्रदर्शनी के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया। पैनल ने संग्रह कला के विभिन्न प्रथाओं पर चर्चा की।

5. **अफ्रीकंस इन इंडियाः ए रेडिस्कवरी' (भारत में अफ्रीकीः एक पुर्नखोज) पर संरक्षीय वार्ताः**
'अफ्रीकंस इन इंडियाः ए रेडिस्कवरी' (भारत में अफ्रीकीः एक पुर्नखोज) नामक प्रदर्शनी के एक हिस्से के रूप में प्रदर्शनी के सह–क्यूरेटर में से एक डॉ. सिलविएन डियोफ द्वारा 9 अक्तूबर, 2014 को एक वार्ता का आयोजन किया गया था। डॉ. डियोफ ने जानकारी दी कि यह प्रदर्शनी पश्चिम के अनेक संस्थानों में फैले विषयों पर बड़ी मात्रा में उपलब्ध सामग्री का एक छोटा सा भाग है। उन्होने भविष्य के अध्ययन के लिए सामग्री की तुलना करने की दलील दी।

6. **इन दी शैडो ऑफ नंदा देवी (कुमाऊं)ः ए पीपल एंड ए क्राफ्ट'**
डॉ. मंजू काक ने इ.गाँ.रा.क.के. में 18 नवंबर, 2014 को (इन दी शैडो ऑफ नंदा देवी (कुमाऊं)ः ए पीपल एंड ए क्राफ्ट') (नंदा देवी की छाया में (कुमाऊँ)ः लोग और शिल्प) पर एक व्याख्यान दिया। वह एक कला इतिहासविद और एक कहानीकार है, जिन्होंने इस क्षेत्र में वास्तुकला के एक हिस्से के रूप में देखी गयी लकड़ी की नक्काशी पर विशेष ध्यान देते हुए कुमाऊँ क्षेत्र से सांस्कृतिक परम्पराओं के बारे में जानकारी दी।

7. **सच ए वॉर हैज नेवर बीन बिफोरः एक्सपीरियंस ऑफ इंडियन ट्रूप्स इन वर्ल्ड वॉर ए**
एक व्याख्यान इंडिया एंड दी फर्स्ट वर्ल्ड वॉर –कमेमोरेटिंग 100 इयर्स ऑफ दी ग्रेट वॉर 1914 / 1718 प्रदर्शनी के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। प्रो. सैमुअल बरथेट ने 30 जनवरी, 2015 को सच ए वॉर हैज नेवर बीन बिफोरः एक्सपीरियंस ऑफ इंडियन ट्रूप्स इन वर्ल्ड वॉर I पर एक व्याख्यान दिया।

8. **स्केयर्ड हीलिंगः सैंक्टिफाइंग दी कांशसनेस एंड दी एनवायरनमेंट और स्किलफुल कम्पैशन ग्रॉउंडेड ऑन विजडम**
विशेष व्याख्यान का आयोजन आदरणीय गेशे दोरजी दमदुल द्वारा 6–30 जनवरी, 2015 को क्रमशः किया गया। वे थे–स्केयर्ड हीलिंगः सैंक्टिफाइंग दी कांशसनेस एंड दी एनवायरनमेंट' और 'स्किलफुल कम्पैशन ग्रॉउंडेड ऑन विजडम'। श्री दमदुल नई दिल्ली में तिब्बत हाउस के निदेशक है।

9. **फोक आर्काइव प्रदर्शनी पर वार्ता**
फोक आर्काइव पर प्रदर्शनी के एक हिस्से के रूप में कलाकारों श्री जरमी डेलर और श्री एलन काने द्वारा 02 फरवरी, 2015 को व्याख्यान दिये थे। 26 फरवरी, 2015 को श्री ओरिजीत सिंह ने इ.गाँ.रा.क.के. में 'मानचित्रण मापुसा के बारे में एक सचित्र प्रस्तुति' (इलस्ट्रेटेड प्रेजेंटेशन अबाउट मैपिंग मापुसा) की।

प्रदर्शन

1. **चिथिरै उत्सव**
इ.गाँ.रा.क.के. ने षण्मुखानंद संगीत सभा के सहयोग से 18–20 अप्रैल, 2014 तक चिथिरै संगीत और नृत्य उत्सव (चिथिरै म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल) का आयोजन किया। श्री जवाहर सिरकार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रसार भारती ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया, जो तमिल संगीतकारों को समर्पित था। उत्सव में डॉ. एस. सौम्या, श्री कुन्नाक्कुडी और श्री एम. बालामुरली कृष्णा ने अपनी संगीतमय आवाज दी और परूरु एम. एस. अनंतकृष्णन ने वायलिन पर और पोंगुलम सुब्रह्मण्यम ने 'मृदंगम' पर सहयोग दिया। समापन समारोह के दौरान सुश्री प्रिया वेंकटरमण और उसकी मंडली द्वारा भरतनाट्यम भी प्रस्तुत किया गया था।

2. **दी लास्ट सांग ऑफ अवध (अवध का अंतिम गीत)**
सूफी कथक फाउंडेशन के सहयोग से इ.गाँ.रा.क.के. ने 23 मई, 2014 को दी लास्ट सांग ऑफ अवध पर एक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में दो महानतम किदवन्तियों, जरीना बेगम और नानपरा, अवध के राजदरबार की अंतिम जीवित गायिका, के मिलन स्थल और सुश्री मंजरी चतुर्वेदी द्वारा दरबारी कथक पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। एक लघु वृत्तचित्र–'दी अदर सॉन्ग', सुश्री सबा दीवान, एक प्रसिद्ध फिल्म निर्माता द्वारा दरबारियों पर एक फिल्म दिखाई गयी, जिसके बाद एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें श्री विक्रम लाल, सुश्री कुमुद दीवान, राजकुमार महमूदाबाद, श्री अमीर नकवी खान, श्री अमीर रजा हुसैन और श्री प्राण नेवेली ने भाग लिया था।

3. **स्पिक मैके अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन**
इ.गाँ.रा.क.के. ने आईआईटी मद्रास में 8–14 जून, 2014 तक उनके अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में स्पिक मैके का

सहयोग किया। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा कई संगीत समारोह के आयोजन सहित, इस क्षेत्र के प्रख्यात विद्वानों द्वारा व्याख्यान प्रदर्शन, वार्ता और नृत्य प्रदर्शन शामिल हैं। योग, ध्यान, शास्त्रीय संगीत और नृत्य, शिल्प और चित्रकारी, कार्यशालाओं और कार्यक्रमों द्वारा युवाओं को भारतीय संस्कृति और विरासत के बारे में जानकारी का एक बड़ा अवसर मिला है।

4. डीवीडी जारी की गयी– पंडित अरविंद पारिख और पंडित लक्ष्मण रॉव पंडित

ग्रेट मास्टर्स ऑफ हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक सीरीज पर परियोजना के एक हिस्से के रूप में, इ.गाँ.रा.क.के. ने जुलाई, 2014 में दो संगीत गुरुओं पर डीवीडी जारी की। पहली 'पंडित अरविंद पारिख' पर 12 जुलाई, 2014 को और दूसरी 'पंडित लक्ष्मण कृष्णाराव पंडित' पर 24 जुलाई, 2014 को जारी की गयी थी। पंडित अरविंद पारिख की डीवीडी जारी करने संबंधी समारोह रंगेस्वर सभागार, मुंबई में आयोजित किया गया था, जिसके बाद उनके शिष्यों द्वारा संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

'पंडित लक्ष्मण राव पंडित' पर डीवीडी जारी की गई।

पंडित लक्ष्मण कृष्णाराव पंडित पर डीवीडी इ.गाँ.रा.क.के. सभागार में सुश्री शोवना नारायण (प्रसिद्ध कथक नृत्यांगा और इ.गाँ.रा.क.के. की ट्रस्टी) ने जारी की थी। बाद में पंडित जी ने इ.गाँ.रा.क.के. सभागार में एक मनमोहक प्रस्तुति की, जिसमें उनका साथ उस्ताद फैयाज खान (तबला) और पंडित भूषण गोस्वामी (सारंगी) ने दिया।

5. स्वामी विवेकानंद के जीवन पर (लाइफ ऑफ स्वामी विवेकानंद) कठपुतली प्रदर्शन

स्वामी विवेकानंद के जीवन पर एक कठपुतली शो रामकृष्ण मिशन कार्यालय में विवेकानंद सभागार में 31 जुलाई, 2014 को आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम प्रदर्शन के लिए अनेक स्कूलों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की 150वीं जन्म शताब्दी के रूप में पूरे वर्ष मनाए जाने वाले उत्सव का एक हिस्सा था। कठपुतली शो का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के जीवन के संदेशों को युवाओं तक पहुंचाना है, जिससे कि वे और अधिक परिपूर्ण जीवन व्यतीत कर सकें। शो का सृजन रामकृष्ण मिशन, नई दिल्ली के निकट मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भारतीय लोक कला मण्डल, उदयपुर द्वारा किया गया था।

'स्वामी विवेकानंद के जीवन पर' कठपुतली शो।

6. ओट्टाम्थुल्लल

स्पिक मैके के सहयोग से इ.गाँ.रा.क.के. ने 31 अक्तूबर, 2014 को केरल की नृत्य नाटिका ओट्टाम्थुल्लल की प्रस्तुति की मेजबानी की। जबकि इस शैली की चाल और मुद्रा प्राचीन शास्त्रीय मूलपाठ पर आधारित है, गीत मलयालम में हैं। प्रसिद्ध कलाकार श्री मोहन कृष्णन और

उनकी मंडली ने महाभारत के कल्याणसौंगंडिकम की कहानी प्रस्तुत की। मंडली ने पूरे सप्ताह में दिल्ली के अनेक स्कूलों में भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

'ओट्टम्थुल्लल– केरल की नृत्य–नाटिका' पर प्रस्तुतीकरण ।

7. पूर्वोत्तर पर्व

इ.गाँ.रा.क.के. ने 7–10 नवंबर, 2014 से पूर्वोत्तर पर्व की मेजबानी की। कार्यक्रम का आयोजन गृह मंत्रालय, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय और एनजीओ के सहयोग से किया गया और ट्रेंड एमएमएस का उद्घाटन केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जनरल वी. के. सिंह और गृह राज्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू द्वारा किया गया था। सुश्री एम.सी. मैरी कॉम इस उत्सव की ब्रांड एंबेसडर थी। पूर्वोत्तर क्षेत्र के कलाकारों की चित्रकारी की एक प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जाज बैंड, व्यंजन, क्षेत्र की फिल्म और हस्तशिल्प, तीन दिवसीय उत्सव का हिस्सा थे। उत्सव का उद्देश्य दिल्ली के लोगों को पूर्वोत्तर की संपन्न संस्कृति और परम्पराओं से अवगत कराना था।

8. राम की शक्ति पूजा

इ.गाँ.रा.क.के. ने रूपवाणी (वाराणसी) के सहयोग से 11 नवंबर, 2014 को एक नृत्य नाटिका 'राम की शक्ति पूजा' पर एक प्रस्तुतीकरण किया। प्रस्तुतीकरण 1936 में प्रख्यात हिंदी लेखक सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की रचना पर आधारित था, जिसमें तीन शास्त्रीय नृत्य शैली, 'छाऊ', 'कथक' और 'भरतनाट्यम' प्रस्तुत की गयी। श्री व्योमकेश शुक्ला (एक प्रसिद्ध कवि, लेखक, अनुवादक) द्वारा निर्देशित वाराणसी के किशोर युवा कलाकारों द्वारा रामायण की कहानियों में से एक पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। निदेशक कई वर्षों से रूपवाणी से जुड़े हैं और निराला की कविताओं के सत्तर वर्ष पूर्ण होने पर उनकी यादगार के रूप में विषय को चुना गया।

'राम की शक्ति पूजा' पर प्रस्तुतीकरण।

9. स्वर उत्सव–2014

इ.गाँ.रा.क.के. और म्यूजिक टूड़े ग्रुप ने 14–16 नवंबर, 2014 तक स्वर उत्सव–2014 की प्रस्तुति की। दिल्ली के सबसे बड़े भारतीय संगीत उत्सव को ध्यान में रखते हुए, स्वर उत्सव को अनेक वर्षों तक नहीं मनाया गया। इ.गाँ. रा.क.के. के सहयोग से उत्सव को 2014 में पुनः मनाया गया। इसमें हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत, भजन, सूफी संगीत, कव्वाली और मिश्रित संगीत की प्रस्तुति की गयी, इसमें वारसी बंधुओं (कव्वाली गायक), के.के. (मुखर गायक), हंस राज हंस (मुखर गायक), उस्ताद शुजात हुसैन खान (कव्वाली गायक), जॉर्ज ब्रूक्स (सेक्सोफोन विशेषज्ञ), अजय प्रसन्ना (बांसुरी विशेषज्ञ) और अनेक अन्य संगीतकर शामिल थे।

10. कथाकार–इंटरनेशनल स्टोरीटेलर्स फेस्टिवल (कथाकार–अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक उत्सव)

इ.गाँ.रा.क.के. ने निवेश (एनजीओ) के सहयोग से अपने एंफिथिएटर में 30 जनवरी–1 फरवरी, 2015 तक

'कथाकार–इंटरनेशनल स्टोरीटेलर्स फेस्टिवल' के दौरान यू.के. की कथाकार ने स्कूल के छात्रों के साथ कहानियों को साझा किया।

कथाकार–इंटरनेशनल स्टोरीटेलर्स फेस्टिव का आयोजन किया। उत्सव में देश और विदेश के कथाकारों ने अपनी प्रस्तुति की, इसमें टिंडिवनम, तमिलनाडु से प्रोफेसर वेत्तावनरायन और उनकी मंडली, जिन्होंने 'विल्लूपट्टु' परंपरा की प्रस्तुति की; कलोल, गुजरात से श्री नायक बलदेवभाई डी. और उनकी मंडली, जिन्होंने 'बैठक नि भवई' प्रस्तुत की और इम्फाल, मणिपुर से पदम श्री नामिरकपम ओंगबी इबेमनी देवी, जिन्होंने खोंजोम परबा/पर्व गाया। चार महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय कथाकार थे स्वीडन के कथाकार, यू. के. की सुश्री एमिली पेरिश, जिन्होंने ब्रिटिश द्वीपों की लोक कथाओं, हिन्दू पुराण, पशुओं की कहानियों और स्केण्डिवेनिया क्षेत्र की कहानियों की जानकारी दी; यू.के. की सुश्री साराह रुंडेल ने रेशम मार्ग की कहानियाँ सुनाई; हंगरी के श्री डेनियल हाल ने हंगरी और यूरोप की कहानियाँ सुनाई और अफ्रीकी कहानीकार श्री गोडफ्रे डंकन (टीयूयूपी), यू.के. ने अफ्रीका की अपनी कहानियों से श्रोताओं को आनंदित किया।

दिनांक 30–31 जनवरी को स्कूल के बच्चों के लिए सत्र सुबह को आयोजित किए गए और 30, 31 जनवरी तथा 01 फरवरी, 2015 को आम जनता के लिए शाम को सत्र आयोजित किए गए। उत्सव में बाहरी आगंतुकों के साथ–साथ सरकारी और निजी स्कूलों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।

11. त्यागराज आराधनाई

त्यागराज आराधनाई पर एक संगीत समारोह 01 फरवरी, 2015 को इ.गाँ.रा.क.के. के खुले लॉन में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर संगीत कलाचार्य श्रीमती सुगुणा वरदाचारी और उनकी मंडली ने पंच रत्न कृतियां गाई। यह दूसरा वर्ष है जब इ.गाँ.रा.क.के. ने आराधनाई की मेजबानी की।

12. डॉ. एन. राजम और विदूषी श्रीमती शन्नो खुराना पर डीवीडी जारी

इ.गाँ.रा.क.के. ने मास्टर्स ऑफ हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक सीरीज के गुरुवों के अधीन 25 महान गुरुवों को रिकॉर्ड किया। भारत की सांस्कृतिक विरासत के सम्पन्न स्रोत का प्रसार करने के एक प्रयास के रूप में संगीतकारों पर रिकॉर्डिंग के कुछ चुनिन्दा हिस्सों को डीवीडी के रूप में जारी किया जा रहा है। इस प्रकार की प्रत्येक डीवीडी की श्रृंखला में एक पुस्तिका, किसी संगीत वैज्ञानिक या संगीत समलोचक द्वारा लिखितय कलाकार का लघु परिचय और उसकी संगीत शैली का समावेश होता है।

ओमकारनाथ ठाकुर ऑडीटोरियम, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में 6 फरवरी, 2015 को कलाकारों द्वारा एक कार्यक्रम के साथ डॉ. एन. राजम पर डीवीडी जारी की गई। इ.गाँ.रा.क.के. में 25 फरवरी, 2015 को कलाकारों द्वारा एक संगीत कार्यक्रम के साथ 'डॉ. शन्नो खुराना' पर डीवीडी जारी की गई।

वाराणसी में 'डॉ. एन. राजम' पर संगीत डीवीडी जारी की गई।

विदुषी श्रीमती शन्नो खुराना पर डीवीडी जारी की गई।

13. स्वरालय

इ.गाँ.रा.क.के. के सहयोग से 8 मार्च, 2015 को स्वरालय द्वारा दो शास्त्रीय कर्नाटक गायन संगीत समारोहों का आयोजन किया गया। डॉ. एम.एस. लक्ष्मी प्रिया (आईएएस अधिकारी) और डॉ. के. राधाकृष्णन (पूर्व अध्यक्ष, इसरो) कार्यक्रम के कलाकार थे; उनके संगतकारों में क्रमशः श्री वी.एस. के. अन्नादुरै और श्री अतुल नाथ एम.एस. वायलिन पर और श्री कुंभकोणम एन पद्मनाभन 'मृदंगम' पर थे।

अन्य कार्यक्रम

क) स्वस्ति – इ.गाँ.रा.क.के. की दुकान

एचएचईसी (भारतीय हस्तशिल्प और हथकरघा निर्यात निगम) के सहयोग से 25 सितंबर, 2014 को पहली बार इ.गाँ.रा.क.के. में स्वास्ति नाम की एक हस्तकला की दुकान खोली गई। कार्यक्रम का उद्घाटन इ.गाँ.रा.क.के. की ट्रस्टी सुश्री प्रिया पॉल द्वारा किया गया। सुविनियर शॉप में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से हस्तशिल्प वस्तुएं; इ.गाँ. रा.क.के. की डीवीडी और प्रकाशन बिकता है।

स्वास्ति– इ.गाँ.रा.क.के. दुकान का उद्घाटन।

ख) मैजिक ऑफ मेकिंग– डीवीडी जारी

इ.गाँ.रा.क.के. ने 16 दिसंबर, 2014 को प्रो. सी.सी. मेहता ऑडीटोरियम, एम.एस. विश्वविद्यालय, वडोदरा में प्रख्यात कलाकार श्री के. जी. सुब्रमण्यम पर एक वृत्तचित्र जारी किया। श्री गौतम घोष जो कोलकाता से प्रसिद्ध निर्देशक है, द्वारा फिल्म शीर्षक 'मैजिक ऑफ मेकिंग' का निर्देशन किया गया। कलाकार को सम्मानित करने के अवसर पर सुश्री दीपाली खन्ना, सदस्य सचिव, इ.गाँ.रा. क.के., डॉ. मंगलम स्वामीनाथन (कार्यक्रम निदेशक इ.गाँ. रा.क.के.) उपस्थित थे। कार्यक्रम फिल्म की स्क्रीनिंग के साथ संपन्न हुआ जो कि के.जी. सुब्रमण्यम के जीवन काल और कार्य को चित्रकार, म्यूरलिस्ट, मूर्तिकार, प्रिंटमेकर, इलस्ट्रेटर और लेखक के रूप में दर्शाता है। फिल्म 28 दिसंबर, 2014 को नेशनल गैलरी ऑफ माडर्न आर्ट बंगलुरु में इ.गाँ.रा.क.के. -एसआरसी द्वारा बाद में दिखाई गई।

गैर–सहयोगी कार्यक्रमः

ग) रंगाली बिहू त्योहार

असम एसोसिएशन के सहयोग से इ.गाँ.रा.क.के. द्वारा रंगाली बिहू त्योहार का आयोजन 20 अप्रैल, 2014 को किया गया। इस कार्यक्रम में असमिया संगीत, हस्तशिल्प, हथकरघा और पाक–शैली का प्रदर्शन किया गया।

घ) नृत्य–संवाद (डांस डायलॉग)

फ्रांसीसी दूतावास ने नृत्य–संवाद (डांस डायलॉग) नामक समकालीन नृत्य उत्सव के दूसरे संस्करण का आयोजन किया। इसकी एक मुख्य विशेषता रेटोरामोंट कंपनी द्वारा एरियल प्रस्तुति थी, जो 23 अप्रैल, 2014 को इ.गाँ.रा.क.के. के सहयोग से सम्पन्न हुई थी।

ङ) बैसाखी मेला

हर वर्ष की तरह, पंजाबी अकादमी ने 25–27 अप्रैल, 2015 को इ.गाँ.रा.क.के. के परिसर में बैसाखी मेले का आयोजन किया। इस त्योहार में पंजाब प्रदेश से कला और शिल्प, नृत्य, संगीत, पाक–शैली का प्रदर्शन किया गया। देर शाम के दौरान प्रसिद्ध गायकों से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

च) गैलरी श्री आर्ट्स द्वारा प्रदर्शनी

डॉ. मंगलम स्वामीनाथन, कार्यक्रम निदेशक, कलादर्शन प्रभाग, इ.गाँ.रा.क.के द्वारा चित्रकला/मूर्तिकला/स्थापना पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। गैलरी श्री आर्ट्स द्वारा शो की व्यवस्था की गई, 24–30 मई, 2014 को ट्विन आर्ट गैलरी–II, इ.गाँ.रा.क. के. में प्रदर्शित किया गया।

छ) निफ्ट के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी

डायलॉग एक ऐसी प्रदर्शनी थी जिसमें राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान से स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों (2014 की कक्षाएं) के उत्पादों और अवधारणाओं को प्रदर्शित किया गया। इसका आयोजन 3–4 जून, 2014 तक किया गया।

ज) पुरानी दिल्ली में फ्लेनुएर (फ्लेनुएर इन ओल्ड डेल्ही)

पुरानी दिल्ली में फ्लेनुएर (फ्लेनुएर इन ओल्ड डेल्ही) नामक एक प्रदर्शनी का आयोजन इ.गाँ.रा.क.के. के माटी घर में गैलरी रंगीनी द्वारा किया गया था। प्रदर्शनी का उद्घाटन मैडम रोवड़ा (टूनीशिया के राजदूत की पत्नी) ने 3 सितंबर, 2014 को किया था और दिल्ली के पुराने शहर पर कलाकार श्री रवीन्द्र दत्त के कार्यों को प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शन (शो) 8 सितंबर, 2014 तक चला था।

झ) प्रारम्भ

भारत का पहला विद्यार्थी कला उत्सव 'प्रारम्भ' की मेजबानी 9–12 अक्तूबर, 2014 तक इ.गाँ.रा.क.के. ने की थी। इसमें भारत के विभिन्न कला महाविद्यालयों के 200 विद्यार्थियों की कलाकृतियों को दर्शाया गया था। प्रदर्शित वस्तुओं में रेखा–चित्र, चित्रकारी, छपाई, डिजिटल कला सहित और बहुत कुछ शामिल था। कार्यक्रम का आयोजन आर्ट रूट की सुश्री लुबना सेन द्वारा किया गया था।

ञ) फोटो प्रदर्शनी और संगोष्ठियां/वार्ता

डीडब्ल्यूआईएच हॉरीजन ने 27 अक्टूबर–1 नवंबर, 2014 तक आर्ट मीट्स साइंस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में प्रदर्शनी, सम्मेलन, कार्यशाला और वार्ता का आयोजन किया गया।

ट) आरबीएस अर्थ हीरोज पुरस्कार 2014

रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड ने इ.गाँ.रा.क.के. के परिसर में 4 नवम्बर, 2014 पर आरबीएस अर्थ हीरोज पुरस्कार 2014 का आयोजन किया।

ठ) गैलरी एस्पेस द्वारा प्रदर्शनी

गैलरी एस्पेस ने एक प्रदर्शनी, ड्राइंग 2014 का आयोजन किया, जिसमें भारतीय समकालीन कला में चित्रकारी के सात दशकों का दर्शाया गया था। शो का संचालन श्री प्रयाग शुक्ला, सुश्री अन्नपूर्णा गरिमेला और सुश्री सिंधूरा डी.एम. द्वारा किया गया था और इसका प्रदर्शन 10 नवंबर से 1 दिसंबर, 2014 तक इ.गाँ.रा.क.के. के प्रदर्शनी हॉल में किया गया था।

ड) बूकारो साहित्य उत्सव

बोकारो चिल्ड्रन'स लिटरेचर फेस्टिवल 2014 (बूकारो के बच्चों का साहित्य उत्सव 2014) 28–30 नवंबर, 2014 तक इ.गाँ.रा.क.के. में आयोजित किया गया था। इस उत्सव के सातवें संस्करण में वार्ताएं, चर्चाएं और लेखकों द्वारा संचालित अनेक गतिविधियां, चित्रकार, कवि, कथावाचक और शिल्पकार शामिल थे। कार्यक्रम को अनेक संस्थानों द्वारा सहायता और सहयोग दिया गया।

ढ) संगीत कार्यशालाएं और कार्यक्रम

दिनांक 16 नवम्बर, 2014 को इ.गाँ.रा.क.के. के परिसर में एक संगीत कार्यशाला और संगीत कार्यक्रम 'षण्मुखानंद संगीत सभा' का आयोजन किया।

ण) राजस्थान का खज़ाना

राजस्थान का खज़ाना (ट्रेजर ऑफ राजस्थान), एक जीवंत प्रदर्शनी का आयोजन इ.गाँ.रा.क.के. और महाराजा सवई मानसिंह II संग्रहालय न्यास तथा फ्रांस दूतावास के सामन्जस्य से 21–22 नवंबर, 2014 को किया गया। इस समारोह का उद्घाटन श्रीमती वसुंधरा राजे, माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान के हाथों 21 नवंबर, 2014 को इ.गाँ.रा.क.के. में किया गया। प्रदर्शनी में राजस्थान के चुनिंदा वस्त्रों, नगीनों और आभूषणों, काष्तकारी, साज–सज्जा की वस्तुओं तथा अन्य कलात्मक शिल्प को प्रदर्शित किया गया था।

त) जिप्सी जैज़

जिप्सी जैज़ के नाम से एक आयोजन 22 नवंबर, 2014 को इ.गाँ.रा.क.के. में किया गया। श्री हैरी स्तोज्का और विएना के हॉट क्लब ने इस अवसर पर अपनी प्रस्तुति दी। श्री स्तोज्का ऑस्ट्रीया के एक विख्यात गिटारवादक हैं।

थ) द रॉयल पशमीना

जम्मू–कश्मीर राज्य हथकरघा विकास निगम ने इ.गाँ.रा.क.के. में प्रति वर्ष दिसंबर के महीने में कश्मीर से शॉल पर प्रदर्शनी का आयोजन करता है। वर्ष 2014 में, 3–8 दिसंबर तक शो प्रदर्शित किया गया। श्री खुर्शीद अहमद गनई (वित्त आयुक्त, उद्योग एवं वाणिज्य विकास, जम्मू व कश्मीर सरकार) द्वारा 3 दिसम्बर, 2014 को प्रदर्शनी 'दी रॉयल पश्मीना' का उद्घाटन किया।

द) वैदिक संस्कृति संवर्धन महोत्सव

दी मिशन नामित संगठन द्वारा इ.गाँ.रा.क.के. में 6 दिसंबर 2014 को, वैदिक संस्कृति संवर्धन समारोह, आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. महेश शर्मा (पर्यटन, संस्कृति और नागरिक उड्डयन मंत्री) मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय, ग्लोबल न्यूज नेटवर्क और

ट्रैवल वर्ल्ड ऑनलाइन द्वारा समर्थित किया गया।

ध) असम सत्र महासभा

असम सत्र महासभा का शताब्दी समारोह का कार्यक्रम 7 दिसंबर, 2015 को इ.गाँ.रा.क.के. के परिसर में आयोजित किया गया।

न) अन्बॉक्स फेस्टिवल 2014

एक अनूठा प्रकार का आयोजन अनबॉक्स फेस्टिवल 2014 की मेजबानी 12–14 दिसंबर 2014 के बीच इ.गाँ.रा.क.के. में की गई जिसे क्विकसैंड एंड ब्लॉट नामक संगठन द्वारा आयोजित किया गया था। इस महोत्सव का लक्ष्य एक मंच पर कलाकारों, डिजाइन विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों और विकास पेशेवरों को लाना था ताकि वे अपने तैयार परियोजनाओं के अनुभवों को साझा कर सकें और बौद्धिक सत्र में शामिल होकर एक नया सृजित भी कर सकें। परियोजनाओं की कड़ी में राजस्थानी शिल्प से लेकर 3डी प्रिंटिंग व लेज़र कटर्स तक की तकनीकी शामिल थी।

प) फोटो प्रदर्शनी

विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय ने 19–25 दिसम्बर, 2014 से इ.गाँ.रा.क.के. में एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया।

फ) वार्षिक कला प्रदर्शनी

साहित्य कला परिषद ने 20–28 दिसम्बर, 2014 से इ.गाँ.रा.क.के. में अपनी स्नातक छात्रों की वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया।

ब) भविष्य का अहसास

एयोन सेंटर ऑफ कॉस्मोलॉजी, तमिलनाडु ने भविष्य का अहसास (दी फ्यूचर ऑफ रिलाइजेशन) विषय पर एक प्रदर्शनी का आयोजना 1–15 जनवरी, 2015 के बीच इ.गाँ.रा.क.के. के माटी घर में किया। इस प्रदर्शनी ने औरोविले में मातृ मंदिर के वास्तविक योजना पर प्रकाश डालते हुए माता के दर्शन के विभिन्न वास्तविक पहलुओं पर जोर दिया। प्रदर्शनी पवित्र ज्यामिति और ब्रम्हाण्डीय प्रतीकों पर आधारित थी। इस अवसर पर 'दी टेन्थ डे ऑफ विक्टरी' पर एक पुस्तक की शुरूआत भी 4 जनवरी, 2015 को प्रदर्शनी के हिस्से के तौर पर की गई। एक प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन 5 जनवरी, 2015 को किया गया था।

भ) राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव

राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव – 'वनज 2015' का आयोजन जनजाति कल्याण मंत्रालय द्वारा 13–18 फरवरी, 2015 के बीच इ.गाँ.रा.क.के. में किया गया। इस समारोह में आदिवासी कला, संगीत, नृत्य, फिल्म, व्यंजनो, औषधि और इनसे जुड़े अन्य कला व संस्कृतियों का प्रदर्शन किया गया। विशेष फिल्म प्रदर्शन, प्रदर्शनी और सेमीनार का आयोजन इस मौके पर किया गया था। इ.गाँ.रा.क.के. इस भव्य आयोजन के लिए चुने गए तीन स्थानों में से एक था। बाबा खड़क सिंह मार्ग, सेन्ट्रल पार्क, कनॉट प्लेस अन्य दो स्थान थे जहां इस महोत्सव को आयोजित किया गया था।

त्योहार के हिस्से के रूप में एक संगोष्ठी भी 14–17 फरवरी, 2015 को आयोजित की गई। जिसमें भारत की विभिन्न जनजातियों और उनकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की क्षमता के बारे में चर्चा की गई।

म) वामा 2014–15

साहित्य कला परिषद ने दिल्ली की महिला कलाकारों पर एक प्रदर्शनी 'वामा–2014–15' का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन 27 फरवरी, 2015 को दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल द्वारा किया गया। इसका ध्यान चित्रकारी, मूर्तियों, प्रतिष्ठानों, ग्राफिक्स, वीडियो कला, फोटोग्राफी पर केंद्रित किया गया और 8 मार्च, 2015 तक प्रदर्शित रही।

साहित्य कला परिषद द्वारा 23–28 मार्च, 2015 से एक कलाकार शिविर (आर्टिस्ट कैंप) का भी आयोजन किया गया।

य) लेडी इरविन कॉलेज द्वारा संगोष्ठी

लेडी इरविन कॉलेज के संसाधन प्रबंधन एवं डिजाइन आवेदन विभाग द्वारा 11 मार्च, 2015 को इ.गाँ.रा.क.के. के सभागार में एक संगोष्ठी, 'सस्टेनेबल डेवलपमेंट' (संधारणीय विकास) का आयोजन किया।

क्षेत्रीय केन्द्र

पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र (ईआरसी), वाराणसी

इस क्षेत्रीय केन्द्र को कलाकोश प्रभाग के कलातत्वकोश श्रृंखला पर काम करने के लिए स्थापित किया गया था। इसने नाट्यशास्त्र के ग्रंथों के संकलन का मौलिक कार्य किया है।

इस क्षेत्रीय केन्द्र का प्रमुख कार्य कलाकोश परियोजना के तहत विविध परियोजनाओं के लिए संदर्भ कार्ड तैयार करना है।

प्रतिवेदन अवधि (अप्रैल, 2014–मार्च, 2015) के दौरान, इस कार्यालय के शैक्षणिक कर्मचारी हमारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार, विविध विषयों के विविध संस्कृत ग्रंथों से चयनित केटीके के भावी खंडों की शब्दावली सहित कलातत्वकोश खंड VII भाग, II, से X के लिए विषय कार्ड तैयार करने में व्यस्त रहे। इसके अलावा, वे कलातत्वकोश, खंड VII हेतु सौंपे गये अनुच्छेदों के लेखन व संपादन कार्य में व्यस्त रहे।

कार्डः

- **संदर्भ कार्ड तैयार करना**
  विचाराधीन अवधि के दौरान, हमने उक्त अवधि की हमारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न ग्रंथों से चयनित 2190 कार्ड (केटीके आगामी संस्करणों की अन्य शब्दावलियों पर 1188 कार्ड सहित केटीके VII भाग– II पर 135 कार्ड, केटीके VIII के लिए 331 कार्ड, केटीके IX के लिए 212 कार्ड, केटीके X के लिए 304 कार्ड) भेजे हैं। वर्तमान में इ.गाँ.रा.क.के. ईआरसी के पास 69,500 कार्ड है।

- **संदर्भ कार्ड का डिजिटलीकरण**
  विगत वर्ष सभी संदर्भ कार्डों (प्रारंभिक तौर पर 67,000 प्रस्तुत) को इ.गाँ.रा.क.के., ईआरसी द्वारा तैयार किए गए थे जिसमें सीआईएल, इ.गाँ.रा.क.के., नई दिल्ली के विशेषज्ञों ने इसे डिजिटाईज्ड किया था। इस इलेक्ट्रॉनिक डाटा को इ.गाँ.रा.क.के. के वेबपेज से जोड़ा गया है और शोधकर्ताओं के उपयोग के लिए इसे प्रदान किया गया है। इस विद्यमान डाटाबेस के क्रम में हमने इस अवधि के दौरान 3440 कार्डों को सीआईएल को अद्यतन करने हेतु प्रस्तुत किया है।

संपादनः

- **कलातत्वकोश संस्करणः**
  (क) केटीके VII की पूर्णता के मालमें में, इस सत्र के प्रथम तिमाही के अंतिम संपादन में केटीके VII को पूर्ण किया गया और भाषा संपादक को सौंपा गया। दूसरी तिमाही में, भाषा संपादन किया गया और इसमें सुधार/संशोधनों की आवश्यकता को पूर्ण करते हुए शब्दों के अनुक्रम को तैयार किया गया। अंततः तीसरी तिमाही में, केटीके VII के अंतिम सीआरसी को प्रकाशन हेतु 5 अक्टूबर, 2014 को सौंपा गया।

  (ख) केटीके VIII के संपादन के मालमें में। प्राप्त सभी छः लेखों का प्राथमिक संपादन पूर्ण कर लिया गया है और कम्प्यूटर पर लेखों के फीडिंग का कार्य जारी है।

(ii) **नाट्यशास्त्र संस्करण**
प्रथम तिमाही में, नाट्यशास्त्र पांडुलिपि के एकीकरण का कार्य पूर्ण किया गया। दूसरी तिमाह में नाट्यशास्त्र, खंड I के अंतिम संपादन का कार्य किया गया और पदवार इसका अनुक्रम तैयार किया गया। तीसरी तिमाही में नाट्यशास्त्र, खंड I को प्रकाशन हेतु मुख्यालय को 19 नवंबर, 2014 को भेजा गया। चौथी तिमाही में, नाट्यशास्त्र, खंड II की तैयारी का कार्य प्रारंभ किया गया। अब नाट्यशास्त्र, खंड II की सामग्री को कम्प्यूटर में फीड किया जा रहा है।

- **अन्य संस्करण**
  (क) मीनिंग एंड ब्यूटी (अर्थ और सुंदरता): संपादन, भाषा और इस खंड के अन्य सुधार किए गए है। 'परिचय' पर कार्य प्रगति पर है।

  (ख) 'इंडियन एंड वेस्टर्न फिलासफी ऑफ लैंग्वेज' (भाषा का भारतीय और पश्चिमी दर्शन): इस खंड का अंतिम संपादन भाषा संपादक को प्रस्तुत किया गया है; अपेक्षित सुधार पर कार्य किया जा रहा है।

प्रकाशन
कलातत्वकोश खंड VII और नाट्यशास्त्र, खंड I के अंतिम सीआरसी को मुख्यालय में प्रकाशन हेतु प्रस्तुत किया गया है। अन्य दो खंडों को अगली तिमाही के भीतर भेजा जाएगा।

प्रमुख कार्यक्रम

(i) **कलातत्वकोश की समीक्षा बैठक**
जून माह में, संयुक्त सचिव श्रीमती वीणा जोशी, इ.गाँ.रा.क.के., नई दिल्ली के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक समिति ने इ.गाँ.रा.क.के., वाराणसी का दौरा किया और कलातत्वकोश की समीक्षा बैठक 24–25 जून, 2014 को इसकी स्थिति तथा वाराणसी कार्यालय के शैक्षिक तथा प्रशासनिक कार्यों का जायजा लेने के लिए की। समिति ने अपने सुझाव रिपोर्ट में प्रस्तुत किए हैं, जिसे मुख्यालय भेजा गया है।

(ii) **स्थापना दिवस समारोहः**
इ.गाँ.रा.क.के. ईआरसी ने 11 जुलाई, 2014 को 26 स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर प्रो. राज कुमार और प्रो. संजय कुमार द्वारा दो विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया और दोनों व्याख्यान दिए गए। विस्तृत रिपोर्ट प्रधान कार्यालय में भेजी गई है।

(iii) **रामनगर में रामलीला का प्रलेखन** 7 सितंबर–10 अक्टूबर, 2014 को इ.गाँ.रा.क.के. की विशेषज्ञ टीम द्वारा पूरा किया गया जिसे ईआरसी द्वारा समन्वित किया गया।

(iv) **नई दिल्ली परिसर के इ.गाँ.रा.क.के., ईआरसी एवं उद्घाटन कार्यक्रम के स्थान में परिवर्तन**

अक्टूबर 2014 में, ईआरसी को पीवीआरआई परिसर में परिवर्तित किया गया और नए कार्यालय का कार्य प्रारंभ करने के लिए गणेश पूजन का आयोजन 30 अक्टूबर, 2014 को किया गया। दिनांक 27 नवंबर, 2014 को एक उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन नए कार्यालय में किया गया। श्रीमती सुचित्रा गुप्ता ने इस अवसर पर एक संगीत वृंद 'संगीत संध्या' की प्रस्तुति की। इस समारोह की अध्यक्षता श्रीमती वीणा जोशी, सह संयुक्त सचिव, इ.गाँ.रा.क.के. ने की। इस समारोह की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी गई है और इसे इ.गाँ.रा.क.के. के वेबपेज में भी डाला गया है।

ईआरसी, वाराणसी के नए कार्यालय का उद्घाटन

(v) **सांस्कृतिक महोत्सव – संस्कृति**

दिसंबर में इ.गाँ.रा.क.के. ने सांस्कृतिक महोत्सव – संस्कृति में संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी और ललित कला अकादमी के तत्वावधान में हिस्सा लिया जिसे विजुअल आर्टस संकाय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में 25–27 दिसंबर, 2014 के बीच आयोजित किया गया था। इस अवसर पर तीन प्रकार की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था: (1) इ.गाँ.रा.क.के. के प्रकाशनों की प्रदर्शनी सह बिक्री काउन्टर स्थापित की गई थी, (2) बृहदिश्वरा मंदिर, तंजावुर पर एक प्रदर्शनी आयोजित की गई थी, और (3) 9 वृत्तचित्र फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। सदस्य सचिव ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। इसकी विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी गई है।

'संस्कृति उत्सव', वाराणसी

(vi) बृहदेश्वर मंदिर, तंजावुर पर एक माह लंबी प्रदर्शनी का आयोजन इ.गाँ.रा.क.के., ईआरसी, वाराणसी में मनमंदिर ऑब्जर्वेटरी, दशास्वमेध,, वाराणसी में 1–31 जनवरी, 2015 के बीच किया गया। इस आयोजन की रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ्स इ.गाँ.रा.क.के. के वेबपेज पर डाले गए हैं।

(vii) कलातत्वकोश VIII में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 24–25 फरवरी, 2015 को इ.गाँ.रा.क.के., नई दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर 22–26 फरवरी, 2015 को सहायक प्रोफेसर ग्रेड I और वरिष्ठ परियोजना एसोसिएट ने सलाहकार, इ.गाँ.रा.क.के., ईआरसी के साथ प्रधान कार्यालय का दौरा किया। रिपोर्ट दिल्ली कार्यालय में जमा कर दी गई है।

(viii) कलातत्वकोश के भविष्य संस्करणों (IX से XII) तैयार करने के लिए 26 फरवरी को समन्वयकों की बैठक प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रो. आर. एन. मिश्र ने की। बैठक का कार्यवृत्त दिल्ली कार्यालय को भेजा गया है।

दक्षिणी क्षेत्रीय केन्द्र, (एसआरसी) बंगलुरु

संदर्भ पुस्तकालय

संदर्भ पुस्तकालय में मानविकी और कला पर पुस्तकों का विशाल संकलन है जिसमें संस्कृत, पाली, फारसी और अरबी पांडुलिपियों; दर्शनशास्त्र, धर्म, रीतिरिवाजों, इतिहास और मानव विज्ञान, कला एवं साहित्य इत्यादि पर माइक्रोफिल्में व रेप्रोग्राफी भी शामिल है। वर्तमान में एसआरसी पुस्तकालय में 11680 पुस्तकें हैं।

अधिग्रहण: पुस्तकालय ने 325 किताबें खरीदी और 132 उपहार स्वरूप प्राप्त कीं।

पुस्तकालय सुविधाओं में तकनीकी अद्यतनीकरन

1) 1038 पुस्तकों को वर्गीकृत एवं सूचीबद्ध और तदनुसार व्यवस्थित किया गया है

2) 1038 पुस्तकों पर बार–कोड लेबल और अन्य पुस्तकालय स्टिकर लगाएं गए हैं

3) 1936 पुस्तकों का डाटा सत्यापन और लेबलिंग जारी है

4) एसआरसी द्वारा नई सेवाओं/सुविधाओं को शुरू किया गया

5) पुस्तकालय सदस्यता – 50 सदस्य पंजीकृत किए गए तथा पुस्तकालय के और सदस्य बनाए गए

6) नई आगमन और मौजूदा गतिविधियों के बारे में उपयोगकर्ता जागरुकता सेवा इ.गाँ.रा.क.के., एसआरसी में शुरू की गई

7) ओपीएसी सुलभता हेतु डेस्कटॉप टमिनर्स की सुविधा प्रदान करने और साथ ही फोटोकॉपी की सेवाओं को पंजीकृत सदस्यों हेतु प्रारंभ की गई हैं

8) एसआरसी पुस्तकालय सूची अब नियमित रूप से अद्यतन और ऑनलाइन अपलोड की जाती है।

रिप्रोग्राफी

एसआरसी को मुख्यालय से 13,500 ड्यूप्लीकेट माइक्रोफिल्में प्राप्त हुई थी। इन्हें पुनर्व्यवस्थित किया गया, जिसका कार्य पिछले वर्ष प्रारंभ हुआ और वर्तमान में भी यह जारी है। माइक्रोफिल्मों को केन्द्रवार व्यवस्थित किया जा रहा है। माइक्रोफिल्म रीडर प्राप्त करने की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए एसआरसी को एक मुख्यालय से प्राप्त हुआ है। शोधकर्ता इस रीडर का उपयोग माइक्रोफिल्मों का विभिन्न केन्द्रों से संदर्भ प्राप्त करने के लिए कर रहे हैं।

डिजिटल ऑडियो विजुअल अभिलेखागार

टीएजी कंपनियों के समूह के सहयोग से जिसकी स्थापना मद्रास म्यूजिक अकादमी, इ.गाँ.रा.क.के., दक्षिण क्षेत्रीय केन्द्र पर डिजिटल लिसनिंग आर्काइव के लिए की गई थी, और यहां एक ऑडियो विजुअल आर्काइवल केन्द्र भी स्थापित किया गया है। श्री आर.टी.चारी, टीएजी कार्पोरेशन के प्रबंध निदेशक, जिन्होंने टीएजी संगीत अकादमी की स्थापना की है, ने हमारे साथ कर्नाटक संगीत की 1000 घंटों की लाइव

विंटेज संगीत का डिजिटल लिसनिंग आर्काइवः इ.गाँ.रा.क.के., दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र का ऑडियो विजुअल आर्काइवल केन्द्र

रिकॉर्डिंग करने पर सहमति दी है वह भी 1930 से प्रारंभ करते हुए। ये उनके व्यक्तिगत संकलनों में से है जो उन्होंने बहुत मेहनत से एकत्र किए हैं और इसमें 30 से अधिक वर्ष लगे हैं, तथा उन्होंने इसे डिजिटाइज एवं सूचीबद्ध भी किया है। कई कलाकार जिसमें चेमबाई वैद्यनाथ भागावतार, एम. एस. सुबलक्ष्मी, डी. के. पट्टाम्मल, के. वी. नारायणस्वामी, अलाथुर ब्रदर्स, सेम्मंगुड़ी श्रीनिवासाअईय्यर, एम. डी. रामनाथन और अन्य को इन संकलनों में शामिल किया गया है और साथ ही समकालीन कलाकारों की रचनाएं भी सम्मिलित की गई हैं। उन्होंने बहुमूल्य चित्रकारी पर भी योगदान दिया है और वॉल–टू–वॉल मुरल चित्रकारी में भारतीय संगीत को प्रदर्शित किया है, जिसमें श्री एस. राजम भी शामिल हैं जो इस आर्काइवल केन्द्र कक्ष की दीवार पर सुसज्जित है। सभी हास्यचित्रों को श्री एस.संकरा नारायणा द्वारा बनाया गया है जो कि आकाशवाणी के एक सेवानिवृत्त केन्द्र निदेशक हैं।

उनके संकलनों के अलावा, श्री विक्रम सम्पत ने पुराने ग्रामोफोन रिकॉर्डिंग्स हेतु आर्काइव ऑफ इंडियन म्यूजिक (एआईएम) मे से अपनी निजी आर्काइवल संग्रह को दान किया है। इन फीचर रिकॉर्डिंग्स में 1902 के समय से हिन्दुस्तानी और कर्नाटक संगीत, लोक गीत, शुरूआती सिनेमा व उनकी रिकॉर्डिंग्स, देशभक्ति गीत और नेताओं के भाषणों की रिकॉर्डिंग्स मौजूद हैं।

इनमें से कई में सर्वाधिकार के मामले के चलते, इन संग्रहों को ऑनलाइन उपलब्ध नहीं कराया जा सकेगा लेकिन लोग केन्द्र में आकर इन्हे प्राप्त कर सकते और लिसनिंग कियॉस्क में हेडफोन के माध्यम से इन्हें सुन सकते हैं, जो कि पूर्णतया निःशुल्क है।

केन्द्र द्वारा निम्नलिखित का आयोजन किया गयाः
प्रदर्शनियां/व्याख्यान/संगोष्ठियां और फिल्म स्क्रीनिंगः

